# उस क्षेत्र को चुने जिसमें आत्म सन्तुष्टि मिले : न्यायाधीश शांभवी सिंह









### बाल दिवस के अवसर पर शहर भर में हुए विविध आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में आज बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत कलश सज्जा, थाल सज्जा,चित्रकला ,रंगोली, विज्ञान मेला, विज्ञान प्रदर्शनी इत्यादि कार्यक्रमों के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को अतिथि जनों द्वारा प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। आचार्य जागेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है एवं जीवन के विविध कौशलों से परिचित होते हैं। इस विषय पर अपने शोधात्मक आलेख प्रस्तुत किया जिनका परीक्षण आमंत्रित मानस मर्मज्ञों देवेन्द्र गोटिया, नारायण सिंह एवं शिवराज पटेल द्वारा किया गया तथा श्रेष्ठ तीन आलेखों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम सत्र में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायाधीशों द्वारा छात्र-छात्राओं को कानून संबंधी एवं न्याय व्यवस्था संबंधी जानकारियां दी गई।

इस अवसर पर न्यायाधीश शाम्भवी सिंह ने बच्चों को कहा कि भविष्य के प्रति हमे जागरूक रहना चाहिए और हमे वही क्षेत्र चुनना चाहिए जिसमें हमारी रुचि हो साथ उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से बात कर छात्र-छात्राओं को मोबाइल से जुड़े हुए अपराधों के प्रति सचेत किया गया तो वही न्यायाधीश अम्रता मिश्र तिवारी ने कहा कि सभी को अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहना चाहिए। लेकिन यह भी ध्यान रखना चाहिए कि दूसरों के अधिकारों का हनन ना हो।

### विद्यार्थियों को पुरस्कारों का वितरण

विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निबंध रंगोली चित्रकला प्रतियोगिताओं को आयोजित कर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया एवं उन्हें प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दिया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल दिवस के अवसर पर व्यंजन मेले का आयोजन भी किया गया ।

### बाल दिवस से शुरू हुआ बाल अधिकार सप्ताह का आयोजन

पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के रूप में मनाए जाने वाले बाल दिवस कार्यक्रम के अवसर पर से शुरू हुए बाल अधिकार दिवस सप्ताह का प्रारंभ आज सच्चा प्रयास समिति बरगी नगर के संयोजन मार्गदर्शन में एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुल्लापाठ की प्रभारी राजकुमारी मरकाम की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया।

बाल अधिकारों विषय पर केंद्रित बाल दिवस कार्यक्रम में विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कविता, गीत, चित्रकला, रंगोली एवं मेहंदी के माध्यम से बाल अधिकारों को रेखांकित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि कार्यक्र म का उद्देश्य बाल अधिकारों के प्रति लोगों को संवेदनशील करना है। प्रतिवर्षण अनुसार इस वर्ष भी मनाए जाने वाला यह बाल अधिकार दिवस सप्ताह कार्यक्रम 14 नवंबर से 20 नवंबर तक नगर के लगभग 15 विद्यालयों में गतिविधियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के आखिर में अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को सच्चा प्रयास संस्था द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम का संयोजन सच्चा प्रयास समिति प्रमुख परवेज खान के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्था की ललिता काशी, अफजल खान, सुनील सैनी का विशेष सहयोग है।

### शासकीय शाला में मनाया गया बाल दिवस

मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिंन ने बताया की एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर 14 नवम्बर को बालदिवस के उपलक्ष्य में हम फाउंडेशन के पदाधिकारियों के द्वारा शाला में हमारी संस्कृति हमारे संस्कार के तहत एक कार्यक्रम शाला की प्रधान अध्यापिका छाया जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हम फ़ाउंडेशन के प्राताध्यक्ष जयस राठौर महाकोशल प्रांत, विशिष्ट अतिथि इन्द्रपुरी गोस्वामी अतिमहासचिव, संतोष दुबे प्रांतीय वित्त महामंत्री की उपस्थित में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा 8वीं के बच्चों का बालदिवस पर एक जर्नल नॉलेज टेस्ट लेकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर हरिश्चंद्र वर्मा, मोनिका सोनी, पद्मा मालवीय, मंजुलता सोनी आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय में हुए विविध आयोजन

शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय मंगेली पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के उपलक्ष्य में बड़े उत्सव के साथ बाल दिवस मनाया गया ।कार्यक्रम में शिक्षकों ने मंच संभाला और बच्चों के लिए हस्यात्मक व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राचार्य अब्दुल साहिर शेख एवं नन्हे बालक-बालिकाओं द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं पं. नेहरू का याद कर किया गया । मेले में विद्यार्थियों द्वारा बालक-बालिका अनुसार सदनवार स्टॉल लगा कर खाद्य और पेय सामग्रियों का विक्रय किया गया। कार्यक्रम में अमृता शुक्ला, श्रीमती तारा, श्रीमती श्रद्धा, राजेश पटेल आदि उपस्थित रहे ।

### कन्या शाला गोसलपुर में मनाया गया बाल दिवस

**सिहोरा (स्वतंत्रमत)।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय कन्या शाला गोसलपुर में एक भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के पूजन से हुई । इसके उपरांत विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों पर पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया इस अवसर पर विद्यालय की तीन छात्राओं का जन्मदिन भी मनाया

गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत और सरपंच गिरिजा जितेंद्र पालीवाल सहित अभिनेता प्रमोद चतुर्वेदी, विजय दुबे आदि उपस्थित रहे ।

## श्री मारुति महायज्ञ का समापन



**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** 10 दिवसीय 149 व श्री मारुति महायज्ञ का शुक्रवार को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा के साथ पाठ बाबा मंदिर जीसीएफ में समापन हुआ । विगत 5 नवंबर से शोभा यात्रा से प्रारंभ होकर प्रतिदिन वेद पूजा हवन का आयोजन संत शिरोमणि योगीराज देवरा बाबा की स्मृति में बाबा के परम पूज्य शिष्य श्री राम मारुति धाम के पीठाधीश्वर श्री 1008 श्री जगदीश दास महाराज के सानिध्य में तथा पाठ बाबा मंदिर के संत श्री नंद बाबा के संरक्षण में बनारस से आए आचार्य द्वारा वेद पूजा एवं हवन का आयोजन प्रतिदिन किया गया । यज्ञ में मुख्य यजमान राकेश अयाची, राजेश शर्मा, गणेश सोनी, सुनील शुक्ला आदि का सहयोग रहा।

## स्ट्रीट एनिमल लवर्स वेलफेयर फाउंडेशन ने सौंपा ज्ञापन


जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवारा श्वानों को सरकारी कार्यालयों, अस्पताल, स्कूल आदि कॉलेज, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि चिन्हित जगहों से हटाने का आदेश दिया गया है । उसी आदेश के विरोध में जबलपुर में स्ट्रीट एनिमल लवर्स वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्नेहा ज्योति सिंह के द्वारा आयुक्त नगर निगम एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि नगम निगम जब तक वह सारी



व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं करा देता है तब एक भी श्वान को नगर निगम के द्वारा उठाकर किसी अन्य स्थानो पर छोड़ा ना जायें । पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के प्रावधानो को ध्यान मे रखते हुए उनका बधियाकरण और टीकाकरण करके उन्हें वापस उनकी जगह पर छोड़ दिआ जाये। इस दौरान ग्रुप के सदस्य रिटायर्ड असिस्टेंट इंजी सतीश यादव सहित अन्य पशु प्रेमी उपस्थिति रहे ।

### 69वीं राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में हर्ष ने जीता रजत पदक



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन नीमच जिले में 07 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक किया गया । प्रतियोगिता में पनागर के जूडो खिलाड़ी हर्ष परिहार ने जबलपुर सम्भाग टीम दल का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने आयु एवं वजन वर्ग में प्रतिद्वंद्वियों को हराकर रजत पदक हासिल किया। हर्ष परिहार की इस उपलब्धि पर प्रशिक्षक शशांक सिंह ठाकुर, पिता राजेंद्र परिहार, माता अभिलाषा परिहार ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।



### सुशासन, विकास और जनहितेषी नीतियों की जीत : राकेश सिंह

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** बिहार विधानसभा चुनाव में बिहार के मतदाताओं ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन, विकास और जनहितेषी नीतियों पर विश्वास व्यक्त करते हुये प्रचंड और एतेहासिक बहुमत एनडीए और भाजपा को दिया है। यह बात प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बिहार चुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा आयोजित विजय उत्सव के दौरान मालवीय चौक में कही। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा बिहार चुनाव में मिली जीत पर विजय उत्सव मनाते हुये मिष्ठान वितरण, एवं आतिशबाजी की गई इस दौरान कार्यकर्ताओ ने ढ़ोल नागाड़ो के धुन पर नृत्य करते हुये खुशी व्यक्त की।

## बिहार चुनाव में एनडीए की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को भारी बंपर सीटों से विजय हासिल हुई है। इसी तारतम्य में भाजपा जिला कार्यालय डिंडोरी में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के नेतृत्व में जिला कार्यालय में आतिशबाजी कर नारे लगाकर जश्न मनाया गया एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने बताया कि यह जीत बीजेपी के असंख्य कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत एवं संघर्षों का नतीजा है कि एक बार पुनः एनडीए



सरकार बिहार में बनने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि उनके नेतृत्व में एक बार फिर से सुशासन की सरकार बिहार में बनने जा रही है।

इस जश्न के दौरान वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र राजपूत, जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर, सुधीरदत्त तिवारी, जिला उपाध्यक्ष महेश धूमकेती जिला मंत्री सपना जैन, नरवदिया मरकाम, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेश पाराशर नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, वरिष्ठ नेता गंगा प्रसाद तिवारी अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष परशराम नागेश चंद्रशेखर नायक मोहन नरवरिया, नंदकिशोर उचेहरा, इंद्र कुमार पाठक, प्रवीण बर्मन दीपिका भारद्वाज तरेंद्र ठाकुर नीलू जैन, रजनी श्रीवास सरजू प्रसाद ठाकुर, नरेश चंदेल शैलेंद्र ठाकुर, कुंजन नंदेहा, राजेंद्र पाल कुशराम कान्हा शर्मा, नीरज नामदेव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रितु स्वीट्स पर छापामार कार्रवाई, घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर 8 सिलेंडर जब्त

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में गैस वितरण नियमों के पालन को लेकर आपूर्ति विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। आज रितु स्वीट्स एवं भोजनालय में सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री शमीम ख़ान तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नितिन जायसवाल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के स्वामी खेमकरण ठाकुर द्वारा घरेलू उपयोग के 8 एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक प्रयोजन हेतु उपयोग किया जाना पाया गया, जो नियमों का उल्लंघन है।

मौके पर ही सभी 8 घरेलू गैस सिलेंडरों को जब्त कर डिंडौरी



इंडेन गैस एजेंसी के सुपुर्द किया गया।

साथ ही द्रविकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियम आदेश, 2000 के प्रावधानों के तहत संबंधित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। आपूर्ति विभाग ने कहा है कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है, और आगे भी ऐसे मामलों में कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम हेतु विभागवार दायित्व निर्धारित

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के तहत जिला डिंडौरी में 15 नवम्बर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए सीईओ जिला पंचायत डिंडौरी द्वारा विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपते हुए आदेश जारी किए गए हैं।



जारी आदेश के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी स्थापित करेगा और 500 हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एंबुलेंस सुविधा, विभागीय प्रदर्शनी तथा 500 हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करेगा।

जनजातीय कार्य विभाग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा और बड़ी संख्या में हितग्राहियों को कार्यक्रम में सम्मिलित करेगा। शिक्षा विभाग एवं स्कूल शिक्षा अभियान द्वारा 500 हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी और विभाग की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जिला परियोजना प्रबंधक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन समूहों की प्रदर्शनी तैयार करेगा और 500 हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेगा।

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र जारी करेगा। उद्यान विभाग फूल-माला एवं बुके की व्यवस्था करेगा, जबकि जिला आपूर्ति अधिकारी स्वल्पाहार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सर्व ग्रामीण क्षेत्रों से हितग्राहियों को लाने हेतु वाहन व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाएंगे। परियोजना अधिकारी, मनरेगा निमंत्रण पत्रों का वितरण तथा फ्लेक्स-बैनर का प्रारूप तैयार करने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति, विकास योजनाओं की प्रदर्शनी, लाभार्थी संवाद तथा विभिन्न विभागीय गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। जिला प्रशासन ने सभी विभागों को अपने-अपने सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ पालन करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

### गौरव जनजाति दिवस के कार्यक्रम की तैयारी का कलेक्टर ने लिया जायजा

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** गौरव जनजाति दिवस के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा हेतु कलेक्टर आज भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल पहुँचीं। कलेक्टर ने प्रतिमा स्थल पर की जा रही सफाई, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य प्रारंभिक तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि गौरव जनजाति दिवस के आयोजन से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर एवं व्यवस्थित रूप से पूर्ण कर ली जाए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनजातीय गौरव एवं पहचान से जुड़े इस महत्वपूर्ण दिवस पर जिलेभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम गरिमामय और सुव्यवस्थित हों, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और अधिकारी निर्धारित समय- सीमा में कार्यों को पूर्ण करने में जुटे हुए हैं।

## कलेक्टर ने कमको मोहनिया आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा एवं बाल दिवस के अवसर पर आज कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास परियोजना समनापुर के अंतर्गत संचालित ग्राम पंचायत नानडिंडौरी के आंगनबाड़ी केंद्र कमको मोहनिया का निरीक्षण किया। केंद्र में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती तथा बाल दिवस थीम के अनुरूप आकर्षक रंगोली, सजावट एवं बच्चों द्वारा बनाई गई रंगीन गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसकी कलेक्टर ने सराहना की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से गीत, प्रार्थना, कविता, गिनती, अल्फाबेट, रंग पहचानने जैसी शिक्षण-अधिगम गतिविधियों का प्रत्यक्ष प्रस्तुतीकरण कराया। बच्चों की नन्हीं कला, आत्मविश्वास व सीखने की उत्सुकता देखकर कलेक्टर अत्यंत प्रसन्न हुईं और उन्होंने बच्चों की पीठ थपथपाकर उनका उत्साहवर्धन किया।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने बच्चों के साथ बैठकर खीर-पुरी का भोजन भी साझा किया तथा पोषण आहार की गुणवत्ता, स्वच्छता और समय पर वितरण से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में विकसित किचन गार्डन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ग्रोथ मॉनिटरिंग रिकॉर्ड, टीकाकरण रजिस्टर, पेंटिंग कॉर्नर सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर उन्हें सराहनीय बताया। इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों को कलर बॉक्स, ड्राइंग कॉपी, कैप और छोटे-छोटे उपहार प्रदान करते हुए बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि बच्चों की गतिविधियों को और अधिक समृद्ध करने के लिए इनोवेटिव तरीकों का उपयोग किया जाए और हर बच्चे तक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ सुनिश्चित हों।

# तिलक वंदन के साथ नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत




## हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में इंडक्शन प्रोग्राम सम्पन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में सत्र 2025-26 के बीफार्म एवं डीफार्म के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को भव्य इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तिलक अभिनंदन से हुई, जिसे प्रथम वर्ष की इंचार्ज प्रो. पूजा, प्रो. मोनिका, एवं श्रीमती अलका द्वारा किया गया। इस अवसर पर हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के चेयरमैन श्री ओबेरॉय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को हितकारिणी सभा के स्वर्णिम इतिहास, उसकी शिक्षा-परंपरा और सामाजिक योगदान से अवगत कराया । कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ. सीमा कोली, विभागाध्यक्ष, कलानिकेतन पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि रहीं। उन्होंने फार्मेसी क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। हितकारिणी सभा के ऑफिसर इंचार्ज सुबोध दुबे भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और सभा की ओर से नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। अतिथियों का स्वागत प्रो. विनय एवं प्रो. ज्ञानेंद्र द्वारा किया गया। कॉलेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता को रेखांकित करते हुए जबलपुर में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सेमेस्टर टॉपर्स को ट्रॉफियां प्रदान कर सम्मानित किया गया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज की ओर से कॉलेज बैग भी भेंट किए गए ।

सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित

कार्यक्रम को अनुशासित एवं सुव्यवस्थित रखने में प्रो. प्रकाश, प्रो. रिज़वान, तथा प्रो. चित्रांश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का प्रभावी एवं सुन्दर संचालन प्रो. शिरीष एवं प्रो. चंचला द्वारा किया गया । समापन अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. काविता शुक्ला ने अभार वन्दन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हितकारिणी क ॉलेज ऑफ फार्मेसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित है । उत्साह, ऊर्जा और नई शुरुआत की उमंग के साथ यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ ।

## नवयुग महाविद्यालय में एसआईआर जागरूकता का अनूठा अभियान

### विद्यार्थी बने शैक्षिक वालंटियर्स, रैली एवं नुक्कड़ नाटक ने आकर्षित किया जनसमूह

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

भारत निर्वाचन आयोग के विशेष निर्देशानुसार जिले में संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को जनभागीदारी का स्वरूप देने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन कार्यालय जबलपुर एवं स्वीप तथा निर्वाचन साक्षरता क्लब के विशिष्ट पहल अंतर्गत नवयुग कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को मतदाता सूची की सटीकता, समावेशिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय सहभागी बनाना था। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एसआईआर प्रक्रिया की पृष्ठभूमि, उद्देश्य एवं समयरेखा का विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि मतदाता सूची का अधिक समावेशी और अद्यतन होना तभी सम्भव है जब युवा वर्ग स्वयं इस अभियान का नेतृत्व करे। विद्यार्थी ही परिवारों तक सही जानकारी पहुँचाकर लोकतंत्र को मजबूत बना सकते हैं। इस दौरान शैक्षिक वालंटियर बनने के इच्छुक विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रतीकात्मक उपहार एक-एक पेन प्रदान किए गए। विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि हम अपने तथा कम से कम 10 परिवारों में एसआईआर के बारे में पूर्ण मार्गदर्शन देंगे और 4 दिसम्बर तक गणना फॉर्म जमा कराने में सहयोग करेंगे। यह पहल जिले में पहली बार इस रूप में की गई, जिसने कार्यक्रम को विशेष और ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में नवयुग महाविद्यालय परिसर से लेकर साईं बाबा चौक तक विशाल जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को हरी झंडी दिखाकर डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, जिला समन्वयक योगेश शर्मा, जिला परियोजना समन्वयक डॉ. संजय तिवारी, प्राचार्य, नवयुग महाविद्यालय,डॉ. पुरोधा यादव, नोडल अधिकारी डॉ. चांदनी चौरसिया ने रवाना किया।

## 2 दिन की बालिका को मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना का मिला लाभ



**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हृदय रोग से ग्रसित 2 दिन की बालिका माता श्रीमती कृति व पिता पियूष कुमार सेन, निवासी- 256 छाया निवास फूटाताल को मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के माध्यम से सफल सर्जरी कर नया जीवन प्रदान किया गया। कृति और पियूष सेन की 02 दिन की बालिका जन्म से हृदय रोग से ग्रसित है, इसकी जानकारी जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र को प्राप्त होते ही जिला अस्पताल के विषय विशेषज्ञ से उक्त बच्चे की जांच कराकर, अनुशंसा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. नवीन कोठारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा से की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के निर्देशानुसार डॉ. अमजद खान जिला नोडल अधिकारी आरबीएसके कार्यक्रम एवं सुभाष शुक्ला डीईआईएम द्वारा कार्यवाही करते हुये बालिका का रजिस्ट्रेशन कराकर परिजन की सहमति उपरांत बालिका को नारायण हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र रैफर किया गया। नारायण हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र में 7 नवंबर 2025 को बालिका की सफल सर्जरी निःशुल्क की जाकर नया जीवन प्रदान किया गया। दिनांक 12 नवंबर 2025 को बालिका को डिस्चार्ज कर दिया गया। वर्तमान में बालिका पूण्रतः स्वस्थ है। सफल सर्जरी के बाद बालिका के परिवार ने मुख्यमंत्री, जिला कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, नोडल अधिकारी आरबीएसके कार्यक्रम, नारायण हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र की टीम तथा समस्त आरबीएसके टीम का आभार माना।

## भव्यता के साथ आज मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर विविध आयोजन

### जनप्रतिनिधियों ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का भव्य राज्य स्तरीय समारोह का शुभारंभ करेंगे। इसी कड़ी में जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का जायजा लेने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सदर स्थित गैरीसन ग्राउंड पहुंचे। इस दौरान सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, डॉ अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय आदि उपस्थित रहे । यहां जिलों से निकलने वाली जनजातीय गौरव रथ यात्राओं का समागम होगा। बड़ी संख्या में जनजातीय समुदायों के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा और अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ एकत्र होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यक्रम को गुजरात के नर्मदा जिले से संबोधित करेंगे और विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। सभी राज्य इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे ।

***निर्माण कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण***- कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधि विशेष रूप में उपस्थित रहेंगे । इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव छिंदवाड़ा के हर्रई, खमारपानी और दमुआ में सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण करेंगे। साथ ही जबलपुर की कुंडम तहसील में संयुक्त तहसील अनुभागीय अधिकारी कार्यालय का लोकार्पण करेंगे और 14 विभिन्न श्रेणी में विभागीय आवास का लोकार्पण करेंगे ।



## कांग्रेस ने मनाई पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को पुष्पांजलि और संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं ने नेहरू जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा संगोष्ठी के माध्यम से उनके जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके महान योगदान पर अपने विचार साझा किए।

## बाल दिवस पर बीएमडी के विद्यार्थियों ने लगाई बाल चौपाटी

### बाबू मनमोहन दास हितकारिणी विद्यालय में हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



बाल दिवस के अवसर पर बाबू मनमोहन दास हितकारिणी विद्यालय में छात्राओं द्वारा बाल चौपाटी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा विभिन्न तरह के पकवान जैसे पानी पुरी, मोमोज़, गुलाब जामुन, इडली सांभर, भेलपुरी एवं अन्य पकवान का स्टॉल लगाकर प्रदर्शन कर विभिन्न स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में हितकारिणी विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौर के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संयोजक नरेश तिवारी भी उपस्थित रहे। देश के पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर इस बालमेला का आयोजन कर बच्चों ने भरपूर मनोरंजन किया । यह बाल मेला सभी बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा । साथ ही साथ विद्यालय के स्टाफ एवं प्राचार्य माधुरी शुक्ला ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया । चौपाटी के साथ-साथ विभिन्न तरह के कार्यक्रम एवं मेहंदी आदि का स्टॉल लगाया गया। जिसमें विद्यालय में पहुंचे अभिभावकों ने अपनी रुचि दिखाते हुए बच्चों के स्टालों का भरपूर आनंद लिया। बच्चों के उत्साह को देखते हुए सभी ने इसकी भरपूर सराहना की। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं नमिता सोनी एनके श्रीवास्तव, अनुपम पटेल, रविंद्र दुबे, शकुंतला शुक्ला एवं रीता श्रीवास्तव के द्वारा बच्चों को भरपूर सहयोग प्रदान कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।


## पहले प्रयास में सिविल जज बनी मीमांषा दुबे

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

मप्र न्यायिक सेवा परीक्षा में मीमांषा दुबे ने अपने प्रथम प्रयास में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर राज्य की सबसे युवा सिविल जज बनने का गौरव हासिल किया है। वे आशा दुबे एवं एड. शिवकुमार दुबे की सुपुत्री तथा कुसुमकली दुबे एवं मानेश्वर प्रसाद दुबे की सुपौत्री हैं। मीमाषा ने वर्ष 2023 में स्नातक तथा वर्ष 2025 में स्नातकोत्तर (एलएलएम) की उपाधि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से प्राप्त की है, जहाँ वे टॉपर भी रही हैं। उनकी इस उपल्बिध पर पर अनेक लोगों ने बधाइयां प्रेषित की है ।

## मप्र इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड रिव्यू कमेटी की बैठक संपन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड रिव्यू कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आज शक्ति भवन में आयोजित हुई। इस 18वीं बैठक की अध्यक्षता कमेटी के चेयरमैन तथा मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने की। मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह बैठक मे विशेष आमंत्रित विशेषज्ञ के रुप मे उपस्थित रहे। चेयरमैन सुनील तिवारी ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में तेज़ी से हो रहे डिजिटल परिवर्तन के कारण ग्रिड कोड को समयङ्कसमय पर अद्यतन करना आवश्यक है। एक नेशन, एक ग्रिड के अनुशासन को बनाए रखने के लिए ग्रिड कोड में उपयुक्त परिवर्तन करना ग्रिड की स्थिरता तथा विश्वसनीयता के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। जेनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं के अनुरूप स्थिर एवं विश्वसनीय विद्युत उत्पादन सुनिश्चित कर ग्रिड अनुशासन बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रस्तुत की। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, फंक्शनल कमेटियों की कार्यवाही पर विचार, विद्यमान रेगुलेटरी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा तथा अन्य तकनीकी बिंदुओं पर विस्तृत विमर्श किया गया। चेयरमैन ने ग्रिड संचालन, सुरक्षा तथा विनियमों के प्रभावी पालन हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन वर्ष के अवसर पर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ हरिशन्कर मरकाम ने कहा कि जनजाति नायकों की भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा ने 11 वर्ष की उम्र में ही ब्रिटिश हुकूमत की षडयंत्रों को पहचान लिया था एवं उनके खिलाफ अबुआ दिशम अबुआ राज का शंखनाद कर जनजातियों को जागृत कर उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन का भागीदार बनाया। कार्यक्रम में एड माइकल कपूर अध्यक्ष जनभागीदारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि श्रीमती संतोषी ठाकुर ने कहा कि भारत में सबसे अधिक जनजातियां मध्यप्रदेश में पाई जाती हैं। विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें । इस अवसर पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन भी विद्यार्थियों द्वारा किया गया एवं महाविद्यालय में जनजाति नायको पर एक बड़ी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में डॉ सुनीता शर्मा, डॉ मोना मरकाम, डॉ राजश्री कपूर, डॉ. रवि विश्वकर्मा, डॉ रचना, डॉ मनोज विश्वकर्मा, डॉ सुमन प्रभाकर, डॉ सपना राय आदि उपस्थित रहे ।

## मप्र पावर जनरेटिंग कम्पनी की ऐतिहासिक उपलब्धि

### श्रम विभाग ने एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी के बारह पावर हाउस को दी 5 स्टार श्रम रेटिंग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड ने श्रम कानूनों के उत्कृष्ट अनुपालन और श्रमिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मध्यप्रदेश शासन के श्रम विभाग द्वारा कम्पनी के चार ताप विद्युत उत्पादन गृहों व आठ जल विद्युत गृह को 'फाइव स्टार श्रम स्टार रेटिंग' से सम्मानित किया है। यह सम्मान कम्पनी की उच्च कार्यसंस्कृति, पारदर्शिता, शत-प्रतिशत नियामकीय अनुपालन व श्रमिक हितों को सर्वोपरि रखने के दृष्टिकोण का सशक्त प्रमाण है। यह उपलब्धि पॉवर जनरेटिंग कम्पनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर, गांधी सागर जल विद्युत गृह, टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर, राजघाट जल विद्युत गृह, बाणसागर जल विद्युत गृह-दो सिलपरा, बाणसागर जल विद्युत गृह-तीन देवलोंद, बाणसागर जल विद्युत गृह-चार झिन्ना, मरहीखेड़ा जल विद्युत गृह व बिरसिंगपुर जल विद्युत गृह को हासिल हुई है।

***योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करने कदम***- मध्यप्रदेश शासन के श्रम विभाग द्वारा श्रम कानूनों के अनुपालनों, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रावधानों तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करने के लिए श्रम स्टार रेटिंग प्रारंभ की गई है। यह सम्मान संस्थान द्वारा श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं के अपनाने तथा श्रम कानूनों के प्रति स्वैच्छिक अनुपालन की प्रतिबद्धता का द्योतक है। गत वर्षों में विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में कम्पनी ने विभिन्न महत्वपूर्ण कीर्तिमान बनाएं है जो की न सिर्फ कम्पनी की नियामकीय प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि श्रमिकों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की उसकी नीति को भी सशक्त रूप से उजागर करती है। कम्पनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि पर सभी विद्युत उत्पादन गृहों के मुख्य अभियंताओं, अभियंताओं व कार्मिकों को इस उपलब्धि का श्रेय व बधाई देते हुए कहा यह सम्मान हमारी कार्यसंस्कृति, अनुशासन और श्रमिक कल्याण के प्रति हमारी निष्ठा का परिणाम है।

# बैहर एसडीएम ने सिविल अस्पताल बैहर का किया निरीक्षण

### अस्पताल परिसर में पायी गई अनियमितताओं पर ठेकेदार को जारी किये नोटिस

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में 14 नवम्बर को एसडीएम बैहर श्री अर्पित गुप्ता ने सिविल अस्पताल बैहर का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में पायी गई अनियमितताओं पर जिम्मेदार व्यक्ति को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की समग्र व्यवस्था बेहद खराब और मानकों के विपरीत पायी गई, जिस पर एसडीएम श्री गुप्ता द्वारा नाराज़गी व्यक्त की। इस पर ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए बीएमओ बैहर को निर्देशित किया गया है कि आगामी समय में सभी व्यवस्थाएँ पूर्णतः सुव्यवस्थित और मानक स्तर के अनुरूप बनी रहें।



उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व किए गए निरीक्षण में भी साफ-सफाई से जुड़ी कमियाँ सामने आई थीं, जिस पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी बैहर को नोटिस जारी कर व्यवस्थाएँ सुधारने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद वर्तमान निरीक्षण में अपेक्षित सुधार न मिलने पर एसडीएम श्री गुप्ता ने द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। एसडीएम श्री गुप्ता ने अस्पताल में ओपीडी का भी अवलोकन किया गया।

एसडीएम श्री गुप्ता द्वारा दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुगमता और सुदृढ़ता सुनिश्चित करने के लिए विकासखंड बैहर में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर संचालित विशेष चिकित्सा व्यवस्था की समीक्षा भी की गई। इस योजना के तहत विकासखंड के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रति सप्ताह चयनित दिनों पर दो अतिरिक्त चिकित्सक भेजे जा रहे हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। समीक्षा में यह तथ्य सामने आए कि, योजना प्रारंभ होने के पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या में लगभग तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही, कई जटिल रोगों से ग्रस्त मरीज भी उपचार हेतु पहुंचे, जिनका सफलतापूर्वक उपचार किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में इस पहल का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

योजना के प्रभावी परिणामों को ध्यान में रखते हुए इसकी अवधि और एक सप्ताह के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। विस्तारित अवधि के उपरांत, खंड चिकित्सा अधिकारी बैहर द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली विस्तृत मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर इस पायलट प्रोजेक्ट को नियमित व्यवस्था के रूप में लागू करने संबंधी निर्णय लिया जाएगा।

## लिंगापौनार के ग्रामीणों की पेयजल की समस्या का हुआ निराकरण

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले के कटंगी विकासखंड के ग्राम लिंगापौनार के ग्रामीणों की पानी की समस्या अब दूर हो गई है। इस गांव के हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध जल पहुंचने लगा है। हर घर में शुद्ध जल पहुंचने से यह ग्राम 'हर घर जल ग्राम' बन गया है। इससे ग्रामीणों का जीवन खुशहाल बन रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पेयजल पहुंचाने के कार्यों में तेजी आई है। जल जीवन मिशन की नल-जल योजना के अंतर्गत ग्राम लिंगापौनार में पेयजल प्रदाय के लिए टंकी बनाई गई है। टंकी के माध्यम से नल कनेक्शन देकर गांव के हर घर में शुद्ध जल पहुंचाया जा रहा है और गांव के 367 घरों की 1840 आबादी को शुद्ध जल मिलने लगा है। पहले इस गांव में जल आपूर्ति का मुख्य साधन कुआँ एवं तालाब थे और ग्रीष्मकाल के दौरान जलस्तर गिरने से सूखे की स्थिति निर्मित हो जाती थी। इसके कारण ग्रामीणों खासकर महिलाओं को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। जिसके कारण ग्रामीणों एवं महिलाओं को घर के अन्य कार्य करने में देरी हो जाती थी। नल के द्वारा घर पर शुद्ध जल पहुंचने से गांव की महिलाओं को सबसे अधिक राहत पहुंची है। अब लिंगापौनार गांव की महिलाओं को पानी के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता है। जल जीवन मिशन की इस योजना ने महिलाओं के जीवन में व्यापक बदलाव लाया है। इस गांव के 367 घरों में नल कनेक्शन लगाए जाने और उनसे जल प्रदाय होने से इस गांव को 'हर घर जल ग्राम' घोषित किया गया है। नल-जल योजना के व्यवस्थित संचालन के लिए गांव में जल कर की वसूली के लिए समिति का गठन किया गया है, जो जल कर की नियमित रूप से वसूली करेगी।

## नेहरू जयंती पर विधायक विवेक विक्की पटेल का मनाया जन्मदिन

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विवेक विक्की पटेल का जन्मदिन शुक्रवार को उनके समर्थको और कांग्रेसियों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया,विधायक विवेक पटेल ने प्रातः काल अपनी माँ के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया और मंदिर पहुँचकर भगवान की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना वही जन्मदिन की बधाई देने के लिए सुबह से देर रात तक उनके आवासीय परिसर में लोगों का आना-जाना लगा रहा तथा सभी ने मिलकर उनके दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी वही अपने जनसंम्पर्क कार्यालय में पहुँचकर परिवार,और कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ वृक्षारोपण भी किया।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन कांग्रेसियों ने बड़ी धूमधाम से मनाया कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसजनो ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ जनो ने कहा की पंडित नेहरु कुशल राजनीतिज्ञ के साथ साथ एक समृद्ध चिंतक और साहित्यकार भी थे कोमल हृदय वाले जवाहरलाल नेहरु बच्चों से विशेष लगाव रखते थे पंडित जवाहरलाल नेरूर ने आजादी के बाद 17 वर्षो तक प्रधानमंत्री के रूप में भारतवर्ष की सेवा की और आधुनिक भारत की नीव रखी पंडित जवाहरलाल नहेरु एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे आजादी के पहले और आजादी के बाद भी उन्हें भारतीय राजनीति में एक केंद्रीय योद्धा माना जाता था। नगर के गांधी बाल उद्यान में विधायक विवेक विक्की पटेल के समर्थकों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया जन्मदिन में केक काटने से पूर्व जवाहर नवोदय विधायर्थी के छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी वही कैरियर उच्चतर स्कूल के नन्हें मुंन्हे बच्चों द्वारा ट्राफीक नियमों के बारे में नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी इस दौरान नगर के शासकीय अशासकीय स्कूल के विद्यार्थी व शिक्षक शिक्षिकाए मौजूद रहे वही स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपनी ड्राइंग सीट पर एक से बढ़कर एक मनोहारिक चित्र बनाकर लाए थे जिन्हें विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा पुरस्कृत किया गया वही चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का भी लगाया गया था जहाँ 50 से अधिक लोगो की आँखे की जांच के बाद विधायक विवेक पटेल के हस्ते चस्मा वितरण किया गया।

# कलेक्टर ने की कृषि, उद्यानिकी, मत्स्योद्योग एवं पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा

### योजनाओं के लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण किया जाए

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर मृणाल मीना ने 14 नवम्बर को कृषि, उद्यानिकी, मत्स्योद्योग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में एपीसी की बैठक में दिये गए निर्देशों पर इन विभागो द्वारा अब तक किये गए कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में कृषि विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि को सख्त निर्देश दिये गए कि एपीसी की बैठक में दिये गए लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। विभाग द्वारा फसलों के प्रदर्शन का कार्य फील्ड में नजर आना चाहिए। प्रदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को बीज एवं कृषि आदान सामग्री का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए। प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, हैप्पी सीडर एवं बेलर किसानों को अनुदान पर उपलब्ध कराए और इसके लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति करें। इन कृषि उपकरणों के लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण तैयार नही होने पर नाराजगी जाहिर की गई। जिले के अधिक से अधिक किसानों का जे-फार्म एप्प पर पंजीयन कराने के निर्देश दिये गए। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लक्ष्य की दो माह में पूर्ति करने के निर्देश दिये गए।

उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान किसानों को परंपरागत खेती के स्थान पर उद्यानिकी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गए। इसके लिए किसानों को प्रशिक्षण भ्रमण पर ले जाने कहा गया। किसानों को केला, अमरूद, ड्रेगन फरुट एवं सब्जियों की खेती के लिए प्रेरित करने कहा गया और इसके लिए उन्हें ड्रिप व स्प्रिंकलर सेट उपलब्ध कराने कहा गया। संरक्षित खेती के अंतर्गत पॉली हाउस लगाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने कहा गया और जिले में उत्पादित फलों व सब्जियों पर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गए।

मत्स्योद्योग विभाग की योजनाओ की समीक्षा के दौरान जिले में मत्स्य पालन के साथ झींगा पालन को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गए। जिले के बड़े जलाशयों में मत्स्य पालन के लिए कैज कल्चर लगाने का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। इस दौरान बताया गया कि अब तक जिले में 72 कैज कल्चर लगाए जा चुके है। इस वर्ष में 1100 कैज कल्चर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान चलित पशु चिकित्सा ईकाई का व्यवस्थित संचालन करने एवं इसका अधिक से अधिक किसानो व पशुपालको तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये गए। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए मादा पशुओ में सेक्स सार्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान कराने एवं इसकी ऑनलाईन इंट्री करने कहा गया। गोकुल मिशन योजना एवं डेयरी प्लस योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार पशुधन बीमा योजना का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन करने कहा गया।

## बालाघाट मंडी के उड़नदस्ता दल ने बनाये लांजी में अवैध परिवहन प्रकरण

### 05 प्रकरणों में वसूला 93 हजार 212 रुपये की जुर्माना राशि

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

शाहिद खान, संयुक्त संचालक, मंडी बोर्ड जबलपुर तथा गोपाल सोनी, भारसाधक अधिकारी बालाघाट एवं कमलसिंह सिंहसार, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लांजी के मार्गदर्शन में मंडी समिति बालाघाट की उपमंडी लांजी के उड़नदस्ता दल ने बड़ी कार्यवाही करते हुए दिनांक 12 नवंबर 2025 की रात में क्षेत्र निरीक्षण के दौरान छत्तीसगड़ सीमा पर रिसेवाड़ा में ट्रक क्रमांक में कृषि उपज धान का बिना मंडी शुल्क भुगतान किये बड़ैर ई-अनुज्ञा पत्र के परिवहन करते पाये जाने पर अवैध परिवहन प्रकरण बनाकर 35758 रुपये दांडिक मंडी शुल्क वसूल किया गया। उक्त वाहन में 292.94 क्विंटल धान लोड था, जिसका लालबर्रा से रायपुर (छग) के लिए अवैध परिवहन किया जा रहा था।



इस दौरान दिनांक 08 नवंबर 2025 को उपमंडी लांजी क्षेत्र में उड़नदस्ता दल ने महाराष्ट्र सीमा पर डुडवा घाट के पास वाहन क्रमांक में हिमांशु ट्रेडर्स द्वारा कांद्रीखुर्द से गिरोला (महाराष्ट्र) के लिए 25 क्विंटल धान के अवैध परिवहन पर दांडिक मंडी शुल्क 5553 रुपये और वाहन क्रमांक में ग्राम-डुलुआ से गिरोला (महाराष्ट्र) के लिए 24 क्विंटल धान के अवैध परिवहन पर दांडिक मंडी शुल्क 5412 रुपये वसूल किया। इसी क्रम में दिनांक 11 नवंबर 2025 को वाहन क्रमांक में ग्राम-कांद्री के कृषकों से 22 क्विंटल धान क्रय कर घाटटेमनी (महाराष्ट्र) के लिए अवैध परिवहन पर दांडिक मंडी शुल्क 5127 रुपये वसूल किया। वहीं दिनांक 09 नवंबर 2025 को बालाघाट में मक्के का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर एक ट्रक का प्रकरण तैयार 41362 रुपये का जुर्माना वसूला गया था। बालाघाट मंडी के उड़नदस्ता दल ने इस एक हफ्ते के दौरान बड़ी कार्यवाही करते हुए म.प्र. मंडी अधिनियम 1972 के उल्लंघन करते पाये जाने पर कृषि उपजों के 5 वाहनों के अवैध परिवहन प्रकरणों पर कुल राशि 93 हजार 212 रुपये दांडिक मंडी शुल्क वसूल कर सरकारी खजाने में जमा किया गया।

# राकेश शर्मा रेड क्रॉस उमरिया के बने नए सचिव, डॉ. के.सी. सोनी ने सौंपा कार्यभार




उमरिया (स्वतंत्रमत)

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी शाखा उमरिया के नवीन सचिव के रूप में राकेश शर्मा ने गुरुवार 13 नवम्बर को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर एक सादे एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया जिसमें निवृत्तमान सचिव डॉ. के. सी. सोनी ने अपने उत्तराधिकारी को कार्यभार सौंपा। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए समाजसेवी कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि रेड क्रॉस सेवा, समर्पण और मानवता का प्रतीक संगठन है जो निस्वार्थ भाव से जनकल्याण के लिए कार्य करता है। सोनी ने बताया कि उमरिया जिले में उनके नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा अनेक स्वास्थ्य शिविर', 'रक्तदान शिविर', दवा वितरण कार्यक्रम' तथा जन औषधि केंद्र के शुभारंभ जैसी जनोपयोगी गतिविधियाँ संचालित की गईं। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों का उद्देश्य आमजन को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा है। सभापति श्री अखिलेश त्रिपाठी' ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर नवीन सचिव राकेश शर्मा को बधाई दी और कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी नर सेवा ही नारायण सेवा के सिद्धांत पर आधारित संस्था है, जो समाज के हर वर्ग तक सेवा का प्रकाश पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संस्था का मुख्य फोकस स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन और आपदा राहत' जैसे क्षेत्रों पर रहेगा। नवीन सचिव राकेश शर्मा ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपने वक्तव्य में कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले में रेड क्रॉस की गतिविधियों को नए उत्साह और नवाचार के साथ आगे बढ़ाने की होगी। श्री शर्मा ने बताया कि संस्था का पहला लक्ष्य 'अधिक से अधिक सदस्यता अभियान' चलाना है ताकि संगठनात्मक ढाँचा मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर लोगों को रेड क्रॉस में 'दान देने और सहयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे' ताकि जनहित के कार्यों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि माननीय राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार रेड क्रॉस सोसायटी जिले को 'सिकल सेल और टीबी मुक्त' बनाने के अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

# जंगलराज को दरकिनार कर बिहार की जनता ने विकास को चुना : शिवनारायण सिंह



उमरिया (स्वतंत्रमत)

शुक्रवार 14 नवम्बर को बिहार में हुए विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत को लेकर भारतीय जनता पार्टी उमरिया के द्वारा दोपहर 2.30 बजे स्थानीय गांधी चौक में विजयी जुलूस का कार्यक्रम रखा गया जिसमें बांधवगढ़ विधानसभा के विधायक शिवनारायण सिंह सहित भाजपा उपाध्यक्ष सुमित गौतम, धनुषधारी सिंह, महामंत्री दीपक छतवानी, मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह सहित बड़ी तादाद में भाजपा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बिहार विधानसभा चुनाव के आए नतीजे में भाजपा के एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। इस ऐतिहासिक जीत को लेकर उमरिया भाजपा के द्वारा विजयी जुलूस के माध्यम से जीत की खुशी मनाया है इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक में पटाखे फोड़ कर मिठाइयां वितरित की है। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी जिंदाबाद के नारे लगाए हैं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास रूपी एनडीए गठबंधन को चुना है और बिहार में एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलाई है इसके लिए वह पूरे बिहार की जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार की डबल इंजन की सरकार ने लगातार बिहार में विकास कार्यों के माध्यम से बिहार को आगे बढ़ाने के काम में जुटे हैं। बिहार की जनता ने भी जंगल राज को दरकिनार करते हुए विकास करने वाली पार्टी को चुना है। इसके लिए बिहार के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के बीच विश्वास बनाए रखने के कारण यह ऐतिहासिक जीत मिली है।

## सेंट्रल एकेडमी की छात्रा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सेंट्रल एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल उमरिया की छात्रा ने एक बार फिर अपने विद्यालय के साथ जिले का नाम रोशन किया 29वें संभाग स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आयोजन शहडोल में हुआ जिसमें सेंट्रल एकेडमी की छात्रा कृति शुक्ला कक्षा 12वीं ने कहानी लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ कृति शुक्ला उमरिया जिले की एकमात्र प्रतिभागी बनीं जिसका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता (भोपाल) के लिए हुआ। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक गण एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# एसईसीएल द्वारा पीएम श्री स्कूल नवोदय विद्यालय, उमरिया को 25 लाख की सौगात

**उमरिया।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, उमरिया में एसईसीएल नौरोजाबाद, उमरिया द्वारा सीएसआर अंतर्गत रु. 25,05,202 की लागत की विविध भौतिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं इसके अंतर्गत विद्यालय में छः स्मार्ट कक्षाएँ, बालक एवं बालिका छात्रावासों में पेयजल व्यवस्था हेतु 02 वाटर कूलर, अकादमिक भवन एवं कक्षाओं हेतु सीसीटीवी कैमरे, छात्रावासों में सोलर वॉटर हीटर एवं सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना की गई। विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र राय द्वारा बताया गया कि विद्यालय की भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होने से छात्रों के अध्ययन में सहयोग मिलेगा। प्राचार्य, उप-प्राचार्य एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा एसईसीएल नौरोजाबाद का आभार व्यक्त किया गया।




## कार्यालय नगर परिषद मानपुर जिला - उमरिया (म.प्र.)

क्रमांक / 2463/ न. परि. / 2025 — मानपुर, दिनांक 14/11/2025

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 462578_1 | Manpower Supply | 02 वर्ष | (1) 5000/- (2) 100000/- | 15/12/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मानपुर

# अब मंडला में ही बनेंगे पासपोर्ट

## बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी, खुला सेवा केन्द्र, कैबिनेट मंत्री ने किया उद्घाटन

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

विदेश मंत्रालय एवं डाक विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मध्यप्रदेश का 25वां डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का उदघाटन कैबिनेट मंत्री पीएचई श्रीमती संपतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा किया गया। अतिथियों ने शिलापट्ट अनावरण और फीता काटकर इस सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। साथ ही पासपोर्ट वाटिका का भी उदघाटन हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, विधायक निवास चैनसिंह वरकड़े, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, एस.कोवेंथन निदेशक पीएसपी विदेश मंत्रालय नई दिल्ली, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, शितान्शु चौरसिया, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी भोपाल, ब्रजेश कुमार, पोस्टमास्टर जनरल जबलपुर परिक्षेत्र मंचासीन थे। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर क्षेत्र में बेहतर विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों में से एक पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारंभ शामिल है। जिले के नागरिकों को अब पासपोर्ट से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



जिले के लोगों के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। लोगों का कीमती समय और धन दोनों की बचत होगी। पहले लोगों को पासपोर्ट संबंधी कार्यों के लिए जबलपुर एवं भोपाल जाना पड़ता था। इस केंद्र के शुरू होने से देश दुनिया से और मजबूती से मण्डला जुड़ेगा। दरअसल यह केवल एक केंद्र नहीं बल्कि विकास की एक और सीढ़ी है। इस केन्द्र को तैयार करने में कलेक्टर का अहम योगदान है। उन्होंने व्यक्तिगत रूचि लेकर इसे खोलने के प्रयास किए। जिसका फायदा जिलेवासियों को होगा। इसकी मंत्री श्रीमती उइके ने मंच से सराहना भी की मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि रेलमार्ग के नेटवर्क को बढ़ाते हुए ट्रेनों का संचालन मंडला फोर्ट तक हो इसके लिए रेल मंत्रालय से लगातार बातचीत की जा रही है।

उन्होंने बताया कि पहले जिले में रैकप्वाईंट नहीं हुआ करते थे लेकिन अब चिरईडोंगरी एवं नैनपुर में रैकप्वाईंट बन चुके हैं। रेल नेटवर्क के विस्तार से सैलानियों का भी आना बढ़ेगा। यह क्षेत्र में राजस्व और लोगों को रोजगार मुहैया कराने में मददगार साबित होगा इस महत्वपूर्ण पहल को लेकर सांसद श्री कुलस्ते ने इसे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह नया केंद्र युवाओं, विद्यार्थियों तथा व्यापार के सिलसिले में विदेश यात्रा की तैयारी कर रहे नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। जिले में पासपोर्ट सेवाओं की उपलब्धता से लोगों को अब सुविधाजनक तेज़ और सरल प्रक्रिया का लाभ मिलेगा।

इस केंद्र के स्थापित होने से मंडला के लोगों को न केवल पासपोर्ट सेवाएं घर के पास मिलेंगी बल्कि यह सुविधा स्थानीय विकास रोजगार के अवसरों और वैश्विक कनेक्टिविटी को भी नई गति देगी। उन्होंने कहा कि महानगरों के लिए यात्रा सुविधाजनक तरीके से हो इसके लिए मंडला फोर्ट तक रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं जिला पंचायत अध्यक्ष संजय सिंह कुशराम ने कहा कि पहले पासपोर्ट संबंधी प्रक्रियाओं के लिए भोपाल और जबलपुर जाना होता था। किसी दस्तावेज के अभाव में यह कार्य पूरा नहीं हो पाता था और पुनः इन शहरों की ओर रूख करना पड़ता था। मंडला मुख्यालय में इस केन्द्र के खुल जाने से अब कहीं भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब दस्तावेजों की जांच फोटो और बायोमेट्रिक प्रक्रिया आसानी से पूरी की जाएगी। इस पहल से दूरवर्ती और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी सेवाएं सरल सुलभ और आसान तरीके से उपलब्ध होंगी विधायक चैनसिंह वरकड़े ने कहा कि इस कार्यालय से मंडला डिंडोरी जिलों की जनता की पासपोर्ट संबंधित आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा।

अब लोगों के धन और समय की बचत होगी और सुविधाएं उन्हें आसानी से प्राप्त होगी। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने भी संबोधित किया एस.कोवेंथन निर्देशक पीएसपी विदेश मंत्रालय ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके विशेष प्रयासों के चलते यह सौगात जिले को मिली है। जिससे प्रदेश का 25 वां डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र मंडला में शुरू हो गया है। उन्होंने इस पासपोर्ट सेवा केन्द्र की विशेषता का जिक्र करते हुए बताया कि यहां पासपोर्ट वाटिका भी तैयार की गई है। इस तरह की वाटिका प्रदेश के अन्य जिलो में नहीं है। शितांशु चौरसिया क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी भोपाल ने अपने स्वागत भाषण देते हुए पासपोर्ट सेवा केन्द्र के बारे में विस्तार से बताया।



# 150वीं जयंती पर एकता का दिया संदेश

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके ने नेतृत्व करते हुए लोगों को लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मार्च को मंत्री श्रीमती उइके ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बिंझिया चौराहे से प्रारंभ हुई इस पद यात्रा में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने एकता के संकल्प के साथ पद यात्रा पूरी की। यह पदयात्रा महात्मा गांधी स्टेडियम में जाकर समाप्त हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदृष्टि राष्ट्रीय एकीकरण में उनके योगदान तथा युवा पीढ़ी को प्रेरित करने वाले उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारतीय रियासतों का एकीकरण कर एक सशक्त भारत का निर्माण किया। इस पदयात्रा में हिस्सा लिया सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि रन फॉर यूनिटी ने नगर में उत्साह जोश और देशभक्ति का अनोखा वातावरण बनाया जिससे कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप मिला। भारत को एकजुट करने में सरदार वल्लभभाई पटेल का अहम योगदान है। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है और शक्तिशाली भारत बनाने का प्रयास किया। उनके इस महत्वपूर्ण योगदान को सारी दुनिया तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गुजरात के केवड़िया में सरदार सरोवर बांध पर स्टेच्यु ऑफ यूनिटी तैयार की गई। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, जयदत्त झा, आदित्य मिश्रा द्वारा भी संबोधित किया गया पद यात्रा मुख्य सड़क मार्ग से गुजरते हुए एक बड़े जनसमुदाय का रूप लेती गई। इस पदयात्रा में प्रफुल्ल मिश्रा, विनय मिश्रा, श्रीमती अनीता तिवारी, रानू राजपूत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, नेहरू युवा केन्द्र, जिला खेल अधिकारी विकास खराड़कर, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

# छात्रों ने बनाई पर्यावरण बायोपॉलिथीन

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

निर्मला हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित सृजनोत्सव कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन कर अतिथियों का मन मोह लिया। यहां पर बढ़ते प्रदूषण और गाय सहित अन्य जानवरों की बढ़ती मृत्यु दर को देखते हुए निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने एक सराहनीय पहल की है। विद्यालय में आयोजित सृजनत्सव कार्यक्रम में छात्राओं ने बायोप्लास्टिक पॉलिथीन का मॉडल प्रस्तुत किया जो पर्यावरण के साथ साथ पशुओं के लिए भी सुरक्षित है इस बायोपॉलिथीन की विशेषता यह है कि यदि जानवर गलती से इसे खा भी लें तो उन्हें किसी प्रकार की बीमारी या हानि नहीं होगी।

छात्राओं का मानना है कि इस पर्यावरण हितैषी पॉलिथीन के उपयोग से वर्तमान में प्रचलित विषैली और हानिकारक पॉलिथीन से छुटकारा मिल सकता है। इस अभिनव प्रयोग को प्रस्तुत करने वाली छात्र प्रविष्टि श्रीवास, चंद्रप्रभा बैरागी, मान्या कांसकार,अमीशा धारवैया रही जिनका मार्गदर्शन शिक्षक शुभम चौरसिया ने किया।

# कृषि मेगा ऋण वितरण शिविर आयोजित

मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।

शुक्रवार को मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजी विका मिशन विकासखंड मोहगांव अन्तर्गत सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया की शाखा मोहगांव एवं चाबी में कृषि मेगा समूह ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आजीविका मिशन के महिला स्वयं सहायता समूहों ने कृषि व अन्य आजीविका गतिविधियों के लिए आवश्यक वित्त पोषण समूह के बचत खाते पर नगद साख सीमा उपलब्ध कराने 52 समूहों ने 3 करोड़ 12 लाख की गतिविधि योजना के साथ ऋण प्रकरण आवेदन बैंक में जमा किये थे जिसमें से आज विशेष ऋण वितरण शिविर में सभी आवेदनों को प्राथमिकता क्रम में सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करते हुये बैंक ने 44 समूह के ऋण प्रकरणों को नियमानुसार वितरण क्रम में 123.10 लाख रूपये का ऋण





वितरण किया। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा मोहगांव एवं चाबी समूह गतिविधियों को वित्त पोषण उपलब्ध कराकर उनके आजीविका साधन संवर्धन निरंतरता में सदैव सहयोगी रही है वितरण शिविर में महिला समूह प्रतिनिधियों के साथ सेन्ट्रल बैंक इंडिया शाखा मोहगांव एवं चाबी से शाखा प्रबंधक विवेक चौहान एवं चाबी शाखा प्रबंधक विलास गढ़मड़े बैंक मित्र मधु साहू, माधवी यादव,रुकमनी बेलिया, सीता परमार,बैंक स्टाफ आजीविका मिशन से राजकुमार यादव, नीरज द्विवेदी, श्रीमती रजनी यादव उपस्थित रहे।

# मत्स्य पालकों का प्रशिक्षण संपन्न

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग एलएस सैयाम के द्वारा मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत मत्स्य पालकों को 10 नवंबर से 12 नवंबर तक कृषि विज्ञान केन्द्र में झींगा पालन मछुआ प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में झींगा पालन के विषय में विस्तृत तकनीकी जानकारी जैसे झींगा मत्स्य बीज का संचयन, आहार, विक्रय तथा उससे होने वाले आय आदि के बारे में विस्तृत जानकारी किसानों को दी गई बुधवार को प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं मांझी ढीमर समाज अध्यक्ष उमाशंकर सिंधिया एवं राजराजेश्वरी मछुआ सहकारी के अध्यक्ष रमेश नंदा, माँ नर्मदा सहकारी समिति के अध्यक्ष रामकृपाल नंदा एवं विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक तथा मछुआ प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे तीन दिवसीय मछुआ प्रशिक्षण एसके भारद्वाज, एसके उइके, मत्स्य निरीक्षक पीआर वैद्य एवं सहायक मत्स्य अधिकारी एच.के. भगत तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण दिया गया।



# बाल दिवस में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 14 नवंबर को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्राथमिक कक्षाओं कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बीच रचनात्मकता, आत्मविश्वास और विभिन्न भूमिकाओं को समझने की क्षमता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य रूपसिंह उलाडी द्वारा पंडित नेहरू के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई प्रतियोगिता में छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की वेशभूषाएं पहनीं जिनमें स्वतंत्रता सेनानी, डॉक्टर, शिक्षक, किसान, पर्यावरण संरक्षक और यहां तक कि कार्टून पात्र भी शामिल थे।

प्रत्येक प्रतिभागी ने अपनी वेशभूषा से संबंधित एक छोटी सी कविता या संवाद प्रस्तुत किया। नन्हे-मुन्नों की मनमोहक प्रस्तुतियां और मासूमियत ने दर्शकों और निर्णायक मंडल का मनमोह लिया निर्णायक मंडल ने प्रस्तुति, वेशभूषा की रचनात्मकता और विषय वस्तु के आधार पर विजेताओं का चयन किया।

# मोंटफोर्ट में मनाया गया बाल दिवस

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** बाल दिवस के अवसर पर मोंटफोर्ट विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रदर नीलेश रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और कॉर्डिनेटर ने दीप प्रज्वलन कर नेहरूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और विद्यालय के शिक्षकों ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया। शिक्षक मीना ज्योतिषी ने बाल दिवस के महत्व को समझाया तथा सभी बच्चों को कुछ अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात पूजा तिवारी ने कविता प्रस्तुत की। शिक्षकों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में शाला नायक और शाला नायिका ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्रमुख ब्रदर बिनु चेरियन, उप प्राचार्य ब्रदर मैथ्यूज, कॉर्डिनेटर एवं सभी शिक्षक स्टाफ तथा शाला प्रबंधन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# रंजीत अध्यक्ष तो महामंत्री बने अखिलेश

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

सहकार भारती के सिवनी विभाग की बैठक सिवनी में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। सिवनी, मंडला, छिंदवाड़ा एवं बालाघाट जिलों से कुल 18 कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री ने मार्च 2026 तक की कार्य योजना प्रस्तुत की जिसमें दिसंबर माह में राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रवास एवं सभी जिलों में जिला पैक्स सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जनवरी से मार्च 2026 तक सभी जिलों में अभ्यास वर्ग संपन्न किए जाएंगे कार्य विस्तार को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों में प्रकोष्ठों एवं जिला टोली के गठन को दिसंबर तक पूर्ण करने पर सहमति बनी बैठक में प्रदेश महामंत्री ने संगठन की कार्य पद्धति पर जोर देते हुए प्रत्येक माह जिला बैठकों हेतु प्रभावी सूचना तंत्र



विकसित करने के लिए गट व्यवस्था बनाने की बात कही 14 से 20 नवंबर तक सहकारी सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया जिसके तहत प्रतिदिन किसी न किसी सहकारी संस्था में कार्यक्रम होंगे संगठन के स्थापना दिवस 11 जनवरी की तैयारी हेतु भी जिलों को आवश्यक निर्देश दिए गए प्रदेश नेतृत्व के निर्णय के अनुसार जिले में रंजीत कछवाहा को जिला अध्यक्ष एवं अखिलेश सोनी को जिला महामंत्री घोषित किया गया साथ ही दोनों पदाधिकारियों को शीघ्र ही पूरी जिला कार्य कारिणी गठित कर जिला सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान, प्रदेश मंत्री श्रीमति शीला हनवत, विभाग प्रमुख अन्नपूर्णा तिवारी जिला अध्यक्ष सिवनी मनीष पांडे, जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा संदीप जैन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# उत्पादन बढ़ाने कृषि विभाग ने किया राजमा, मसूर, सरसों, अलसी के गुणवत्तायुक्त बीज का वितरण

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** कृषि विभाग नैनपुर द्वारा किसानो को राजमा, मसूर, सरसों और अलसी फसल के बीजों का वितरण किया गया। इस दौरान एसडीएम आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर उपस्थित और किसानों को गुणवत्तापूर्ण प्रमाणित बीज प्रदान किया। इस अवसर पर एसडीएम आषुतोष महादेव सिंह ठाकुर ने किसानों से संवाद कर रबी फसलों की उन्नत किस्मों, बीज उपचार, फसल प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा किया। किसानों ने बड़े उत्साह के साथ बीज वितरण कार्यक्रम में भाग लिया और रबी सीजन की सफल तैयारी के लिये कृषि विभाग के अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया । वितरण के दौरान प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, पंचशीला वरकड़े विमल मसराम, संजय गरेवाल, राजेश्वरी भलावी, सौरभ बघेल, पूजा डडोरे, रुक्खी तेकाम, सरोज बर्वे कृषि विस्तार अधिकारी, कल्याणी मरावी ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, प्रदीप खोबरागड़े क्लस्टर कॉर्डिनेटर व किसानो की उपस्थित रही।

# शासकीय स्नातक महाविद्यालय में मनाया गया जनजाति गौरव दिवस

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय में जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान बिरसा मुंडा की 150 में जयंती के पावन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र एवं भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर तिलक वंदन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे नैनपुर , विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार कैलाश कोल, जन भागीदारी सदस्य धीरज खंडेलवाल उपस्थित रहे। डॉ. ज्योति सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि जनजातीय लोक कला व संस्कृति भारत की पारंपरिक और विविध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है, जो देश के स्वदेशी समुदायों की कला, संगीत, नृत्य और प्रथाओं को दर्शाती है। नायब तहसीलदार कैलाश कोल के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे के द्वारा जनजाति गौरव जनजाति नायक को संक्षिप्त जीवन परिचय



के बारे में बताया साथ ही जनजाति संस्कृति कलाओं के अध्ययन करने के लिए प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्राचार्य के द्वारा विभिन्न जनजाति नायको के योगदान की गाथाओं का वर्णन किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. जे एस उर्वेती के द्वारा किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोनिका मानेश्वर, द्वितीय स्थान शिवानी उईके, तृतीय स्थान सर्वेश यादव, कमल सिंह मरावी, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आसमा उईके, द्वितीय स्थान भारती मरावी, तृतीय स्थान ललित गुमास्ता, सोनिया विश्वकर्मा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अरुण राज, द्वितीय स्थान निधि विश्वकर्मा, तृतीय स्थान साक्षी यादव ने हासिल किया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान ठाकुर , द्वितीय स्थान शिवानी परते, तृतीय स्थान नीलू बरया, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल चंद्रवंशी, द्वितीय स्थान तमन्ना हुसैन तृतीय स्थान शीतल यादव। भाषण प्रतियोगिता प्रथम स्थान देवेंद्र परते, द्वितीय स्थान नंदिनी झरिया, तृतीय स्थान मानवती उईके ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जी सी मेश्राम, प्रो. एम के बघेल, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. जे एस उर्वेती, डॉ. राजेश मासतकर, डॉ. आर एस धुर्वे, डॉ. कुलभूषण रजक, प्रो. रविन चौहान, प्रो. देव प्रकाश उईके, गिरवर सिंह राजपूत, डॉ. संजीव सिंह, गायत्री सिंह, रमेश चौहान, श्रीमती विमला वल्के, श्रीमती सुधा कुमरे, अमित सेन, मनीष साहू, सुश्री रिया अवधवाल, महेश सोनी, विनोद ठाकुर, मानसिंह मरावी अमित यादव, श्रीमती तारा चौरसिया किरण घोंसले व महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एनसीसी कैडेट्स एनएसएस वालंटियर उपस्थित रहे।



# बालदिवस पर बिखरे संस्कृति के रंग

**नैनपुर (स्वतंत्र मत) ।** शास उच्च माध्य विद्यालय जामगांव में चाचा नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय में विद्यार्थियों ने विविध गतिविधियों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। आयोजन का शुभारंभ संस्था प्राचार्य श्रीमति जागृति श्रीवास्तव एवं शालेय परिवार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती एवं नेहरू जी के छायाचित्र में माल्यार्पण कर किया गया। शालेय छात्र छात्राओं के द्वारा कार्यक्रम की विविध गतिविधियों में रंगोली, मेंहदी तथा नृत्य प्रतियोगिता में अपनी कला के रंग बिखेरे। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में गौरव दिवस से संबंधित रंगोली प्रतियोगिता में गोंडी कलाकृति को उभारा एवं गोंडी लोकनृत्य शैला एवं नाटक के अभिनय द्वारा शिक्षा के महत्व का मंचन किया गया। इस दौरान छात्रों ने धार्मिक, देशभक्ति गानों में नृत्य कर सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक नामदेव के द्वारा किया गया। विद्यालय प्राचार्य जागृति श्रीवास्तव के द्वारा आशीर्वचन स्वरूप नेहरू जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आगामी वार्षिक परीक्षा परिणाम बेहतर लाने के लिए पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रभारी बलप्रीत कौर के द्वारा बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना कर आभार व्यक्त करके कार्यक्रम का समापन किया गया।

संपादकीय

## सफेद कोट की काली साजिश

देशभर में पिछले एक हफ्ते में कई जांचों ने एक डरावनी साजिश का पर्दाफाश किया है। इसे 'व्हाइट कोट टेरर कांस्पिरेसी' कहा जा रहा है। इसमें प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों का नाम सामने आया है। ये डॉक्टर अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक सामग्री को किराए के कमरों और गाड़ियों में छिपा रहे थे। यह तरीका इसलिए अपनाया गया ताकि किसी को शक न हो। ये डॉक्टर एक बड़ी साजिश का हिस्सा थे। जांच में पता चला कि लंबे प्लान के तहत बड़ी मात्रा में केमिकल को सिविलियन चैनलों से ले जाया जा रहा था। कानूनन उपयोग के लिए अधिकृत लोगों के जरिए यह काम हो रहा था। तेजी से चल रही जांच में कई गिरफ्तारियां हुई हैं।

पुलिस के बयानों और दस्तावेजों से पता चलता है कि ये ऑपरेटिव्स अपनी प्रोफेशनल कवर का फायदा उठा रहे थे। इनके पास मेडिकल डिग्री और अस्पतालों में नौकरियां थीं। ये किराए के फ्लैट लेते या अस्पताल के पास स्टोरेज का इस्तेमाल करते थे। अमोनियम नाइट्रेट को छोटी-छोटी खेपों में खरीदते या डिलीवर करवाते। इससे तुरंत अलर्ट नहीं होता। फिर इसे सेफ हाउस में इकट्ठा करते। एक बड़ा मामला फरीदाबाद का है। वहां 360 किलो और 2900 किलो अमोनियम नाइट्रेट के साथ अन्य सामग्री बरामद हुई। यह एक लोकल मेडिकल संस्थान में काम करने वाले डॉक्टर की गिरफ्तारी के बाद जब्त की गई। बता दें कि, अमोनियम नाइट्रेट एक ऑक्सीडाइजर है। यह खाद और कानूनी विस्फोटकों में इस्तेमाल होता है। लेकिन ईंधन के साथ मिलाकर या गंदे ढेर में रखने पर यह जोरदार धमाका कर सकता है। दुनिया भर में आतंकियों ने इसका इस्तेमाल किया है। भारत में भी पिछले 20 सालों में कई बार हुआ है। इसलिए भारत के विस्फोटक कानून और अमोनियम नाइट्रेट नियमों के तहत इसकी स्टोरेज, ट्रांसपोर्ट और बिक्री पर सख्त कंट्रोल है। परमिट जरूरी है। सख्त तरीके से हैंडल करना पड़ता है। आबादी वाले इलाकों में बड़ी मात्रा जमा करना मना है।

एक्सप्लोसिव एक्सपर्ट्स कहते हैं कि हाल की छापेमारी में बरामद मात्रा से कई बड़े इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बन सकते थे। शक से बचने के लिए एक बड़ी खेप न भेजकर बार-बार छोटी डिलीवरी करवाई जाती। अलग-अलग नामों से या अस्पताल के पास किराए के पते पर। डॉक्टर बार-बार घूम सकते हैं। कूरियर से मेडिकल सामान मंगवा सकते हैं। इससे पैकेट पर सवाल नहीं उठते। जांचकर्ता उन प्रोफेशनल्स की रेडिकलाइजेशन और भर्ती को समझने की कोशिश कर रहे हैं, जो समाज में भरोसेमंद हैं। लिहाजा, प्रोफेशनल्स पर नजर रखनी होगी। रेगुलेशन्स को और सख्त करना जरूरी है। ताकि भरोसे के नाम पर खतरा न बने। सुरक्षा एजेंसियां मान रही हैं कि आतंकी संगठन जानबूझकर प्रोफेशनल्स को भर्ती करते हैं। डॉक्टरों को रेडिकलाइज करते हैं, क्योंकि डॉक्टरों पर कम शक होता है। डॉक्टरों को समाज में भरोसा मिलता है। वह अस्पताल के काम के बहाने घूम सकते हैं। मेडिकल सप्लाई के नाम पर सामान मंगवा सकते हैं। इससे ऑपरेशन आसान हो जाता है। कई राज्यों में डॉक्टरों की गिरफ्तारी से चिंता बढ़ी है कि यह नेटवर्क हो सकता है, न कि अकेले लोग।

# निठारी कांड के निर्णय पर गूंजते सवाल



अशोक मधुप
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

निठारी हत्याकांड के दोषी ठहराए गए सुरेंद्र कोली को सुप्रीम कोर्ट ने बरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह बेहद दुख की बात है कि लंबी जांच के बावजूद निठारी के जघन्य हत्याकांड के असली अपराधी की पहचान कानूनी मानकों के अनुरूप स्थापित नहीं हो पाई। अपराध जघन्य थे और परिवारों की पीड़ा अथाह थी। सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा के निठारी हत्याकांड से जुड़े अंतिम लंबित मामले में सुरेंद्र कोली को बरी करते हुए यह टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस विक्रम नाथ की पीठ ने फैसले में कहा, आपराधिक कानून अनुमान या पूर्वधारणा के आधार पर दोषसिद्धि की अनुमति नहीं देता। खुदाई शुरू होने से पहले घटनास्थल को सुरक्षित नहीं किया गया था, खुलासे को उसी समय दर्ज नहीं किया गया। रिमांड दस्तावेज में विरोधाभासी विवरण थे और कोली को समय पर अदालत की ओर से निर्देशित चिकित्सा जांच के बिना लंबे समय तक हिरासत में रखा गया। अदालत ने कोली की सजा को रद्द करते हुए कहा कि अगर वह किसी और मामले में वांछित नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। यह फैसला उन परिवारों और कानूनी हलकों के लिए अहम है, जो पिछले 18 वर्षों से इस मामले पर नजर रखे हुए थे। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष सुरेंद्र कोली के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय सबूत पेश नहीं कर पाया। अदालत ने माना कि जांच के दौरान कई गंभीर प्रक्रियागत खामियां रहीं, इसके चलते दोषसिद्धि बरकरार नहीं रखी जा सकती। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि किसी व्यक्ति को सिर्फ परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उम्रकैद या फांसी नहीं दी जा सकती। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के नोएडा के चर्चित निठारी कांड के 12 केस के आरोपी सुरेंद्र कोली और दो केस में फांसी की सजा पाए कोठी डीएस-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को भी ने बरी कर दिया है।

न्यायालय ने इन्हें दोष मुक्त तो करार दे दिया, किंतु ये न्याय एक तरफा है। अधूरा है। निठारी कांड तो हुआ है। चर्चित निठारी कांड में निचली अदालत से कोली को एक दर्जन से अधिक मामलों में फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। निठारी गांव के कोठी डीएस-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को दो केस में फंसी की सजा हो चुकी है। अब जब की ये निचली अदालत से फांसी की सजा पाए ये दोनों आरोपी हाईकोर्ट ने बरी कर दिए तो व्यवस्था को यह तो बताना ही होगा कि फिर इस कांड के आरोपी कौन हैं? किसने इस कांड की 19 घटनाओं को अंजाम दिया। कांड तो हुआ ही है। ये दोनों आरोपी इसलिए बरी हो गए कि इनके विरूद्ध सुबूत नही थे, किंतु पीड़ित परिवार को भी तो न्याय चाहिए। उनके



परिवार की युवतियों, बेटियों और बच्चों पर जुल्म करने वाला, उनसे व्यभिचार कर उन्हें काटकर खाने वाला कोई तो होगा? किसी ने तो ये कांड किया होगा? उसे कानून की जद में लाकर सजा कौन दिलाएगा? ये निर्दोष थे तो फिर इनकी कोठी के पास नाले में किसने मारकर इनको डाला?

29 दिसंबर 2006 को नोएडा में मोनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे नाले से 19 बच्चों और महिलाओं के कंकाल मिले। मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली गिरफ्तार किया। आठ फरवरी 2007 को कोली और पंढेर को 14 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया। मई 2007 को सीबीआई ने पंढेर को अपनी चार्जशीट में अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोप मुक्त कर दिया था। दो माह बाद अदालत की फटकार के बाद सीबीआई ने उसे मामले में सह अभियुक्त बनाया। 13 फरवरी 2009 को विशेष अदालत ने पंढेर और कोली को 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई। ये पहला फैसला था। इसके बाद 11 केस में दोनों को सजा हुई।

पुलिस ने इस मामले में कहा था कि कम से कम 19 युवा महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया था, उनकी हत्या कर दी गई थी और उनके शवों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए थे। पुलिस ने उस समय कहा था कि ये हत्याएं पंढेर के घर के अंदर हुई थीं, जहां कोली नौकर के तौर पर काम करते थे। पुलिस ने आरोप लगाया कि जिन बच्चों के अवशेष बैग में छिपे हुए पाए गए थे, उन्हें कोली ने मिठाई और चॉकलेट देकर लालच देकर मार डाला था। पुलिस का कहना था कि जांच के दौरान कोली ने नरभक्षण और नेक्रोफिलिया (शवों के साथ संबंध बनाने) की बात कबूल की थी। बाद में उन्होंने अदालत में अपना कबूलनामा ये कहते हुए वापस ले लिया कि उनसे जबरन ये बयान दिलवाया गया था। सीबीआई ने सुरेंदर कोली और पंढेर के खिलाफ़ 19 मामले दर्ज किए थे। जहां कोली पर हत्या, अपहरण, बलात्कार, सबूतों को मिटाने जैसे आरोप थे तो वहीं पंढेर पर अनैतिक तस्करी का आरोप था। इस मामले की गूंज कई सालों तक देश गूंजती रही थी। लोगों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए थे। स्थानीय लोगों ने उस समय कहा था कि पुलिस इस मामले में इसलिए भी कार्रवाई नहीं कर सकी क्योंकि लापता होने वालों में से अधिकतर गरीब परिवार के थे।

न्यायालय ने निर्णय में ये माना कि आरोपियों के विरूद्ध सबूत नही हैं। न्यायालय ने ये नही कहा कि कांड हुआ ही नही। उसने माना कि कांड तो हुआ। 19 महिलाओं और बच्चियों के कंकाल कोठी डीएस-5 के सामने नाले से मिले। अब प्रश्न यह है कि ये नही तो किसी और ने ये कांड किया है। जिसने कांड किया उसे सजा दिलाने की किसकी जिम्मेदारी है? किंतु लगता है कि न्यायालय ने इस केस के आरोपी के बरी हो जाने के बाद ये केस व्यवस्था की कबाड़ की फाइल में चला जाएगा। 2006 से न्याय की आशा में बैठे पीडित परिवार को रो पीट कर चुप हो बैठना पड़ेगा। इस निर्णय के बाद पीड़ितों के माता पिता और परिवार वालों का दुख और गहरा हो गया। अपनों को खोने वालों ने कहा कि 19 साल बाद भी हम लोगों को न्याय नहीं मिला। निठारी कांड में अपने बच्चों को खोने वाले पैरेंट्स का लगभग एक ही सवाल है कि अगर पंढ़ेर और कोली निर्दोष हैं तो उनके बच्चों को किसने मारा है?

एक बात और हाईकोर्ट ने कहा कि शवों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जांच नहीं हुई। ये रिपोर्ट मानव तस्करी की और इशारा कर रही थी। दोनों न्यायधीश ने जांच पर नाखुशी जताते हुए ये भी कहा कि जांच बेहद खराब है। सुबूत जुटाने की मौलिक प्रक्रिया का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। जांच एसेंसियों की नाकामी जनता के विश्वास के साथ धोखा है। हाईकोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसियों ने अंग व्यापार के गंभीर पहलुओं की जांच किए बिना एक गरीब नौकर को खलनायक की तरह पेश किया। हाईकोर्ट ने माना कि ऐसी गंभीर चूक के कारण मिलीभगत सहित कई गंभीर निष्कर्ष संभव है। हाईकोर्ट ने यह भी माना कि दोनों आरोपियों के खिलाफ कोई सुबूत नही हैं। सुबूत के अभाव में दोनों आरोपियों को लगभग 19 साल जेल में रहना पड़ा। अकारण जेल में बिताए इनके इन सालों के लिए कौन जिम्मेदार है?

इस केस में शुरूआत से ही पुलिस पर आरोप लगते रहते हैं कि वह इस मामले में रूचि नही ले रही। उसी के बाद मामला सीबीआई को गया। अब सीबीआई की जांच पर भी सवाल उठा है तो सीबीआई को अपनी जांच और प्रक्रिया पर भी सोचना और बदलाव करना होगा। क्योंकि देश में उसका बहुत सम्मान है। प्रत्येक प्रकार के टिपिकल मामले में उसी से जांच कराने की बात आती है। अब उसकी भी जांच ऐसी ही निम्न स्तरीय होगी,तो फिर उसे सोचना तो होगा ही।

# बिहार की महिला वोटर



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

बिहार के राजनीतिक समीकरण इतने उलझे हुए हैं कि राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा इनका वैज्ञानिक विश्लेषण करना आसान कार्य नहीं है। एक ओर जातिगत समीकरण हैं तो दूसरी तरफ अमीरी-गरीबी की गहरी खाई के साथ चहुंओर पसरी हुई गरीबी है वहीं तीसरी तरफ स्त्री-पुरुष के बीच कार्यगत अन्तर है। यह अन्तर इतना गहरा है कि बिहार से पलायन कर दूसरे प्रदेशों को गये पुरुषों की अनुपस्थिति में महिलाओं को ही घर से लेकर बाहर तक के सारे कामकाज करने होते हैं और अपनी गृहस्थी की गाड़ी को चलाना पड़ता है लेकिन एक तथ्य यह भी है कि बिहार की महिलाएं अन्य राज्यों की तुलना में अधिक कार्य पारंगत मानी जाती हैं। बिहार में विगत 11 नवम्बर को हुए अन्तिम चरण के दूसरे मतदान के बाद अब आज 14 नवम्बर को परिणाम आ जायेंगे जिनसे सभी एक्जिट पोलों का सच भी सामने आ जायेगा। बिहार में इस बार पिछले 75 सालों का सर्वाधिक मतदान हुआ है और अधिकतम एक्जिट पोल सत्तारूढ़ एनडीए को विजय दिला रहे हैं। जबकि सामान्य तौर पर यह अवधारणा रहती है कि अधिक मतदान सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ जाता है परन्तु बिहार में एक्जिट पोल ऐसा नहीं मान रहे हैं और कह रहे हैं कि मुख्यमन्त्री श्री नीतीश कुमार के शासन के प्रति मतदाताओं की सद्भावना रही है।

वैसे यह सच है कि 2005 से नीतीश बाबू जिस पाले में भी रहे हैं जीत उसी पाले की हुई है मगर उनकी जीत के पीछे महिलाओं का समर्थन भी एक बहुत बड़ा कारण माना जा रहा है। वैसे तो चुनाव आयोग ने 6 नवम्बर को पहले दौर का मतदान होने के बावजूद पुरुष व महिला मतदाताओं के आंकड़े 11 नवम्बर तक नहीं दिये मगर दूसरे दौर का अन्तिम चरण 11 नवम्बर होने के बाद उसने 12 नवम्बर को महिला व पुरुष मतदाताओं के अलग-अलग आंकड़ों का मतप्रतिशत बताया जबकि कुल महिला व पुरुष मतदाताओं की संख्या अभी तक नहीं बताई है। ऐसा चुनाव आयोग क्यों कर रहा है यह तो वही जाने मगर जो आंकड़े आये हैं उनके अनुसार मतदान के दोनों चरणों में कुल मतदान 66.91 प्रतिशत रहा है। जिसमें महिला मतदाताओं ने पुरुषों के मुकाबले 8.8 प्रतिशत अधिक मतदान किया है। राज्य में 2005 के बाद से महिला वोटर पुरुषों के मुकाबले अधिक मतदान करती आ रही है मगर यह अन्तर अभी तक का सबसे बड़ा अन्तर माना जा रहा है। ऐसा समझा जाता है कि महिला मतदाताओं की पहली पसन्द श्री नीतीश कुमार होते हैं क्योंकि 2005 में पहली बार सत्ता पर बैठने के बाद उन्होंने महिलाओं के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। इसके बाद से लगातार नीतीश बाबू ही मुख्यमन्त्री बन रहे हैं और वह उनके लिए हर बार कोई नयी योजना लाते रहते हैं।

राज्य में पहले से चल रही जीविका दीदी योजना के तहत चुनाव से पहले एक करोड़ के लगभग जीविका दीदियों को दस- दस हजार रुपये दिये गये। चुनावों पर इसका क्या असर रहा यह तो 14 नवम्बर को ही पता चलेगा परन्तु जहां तक मत प्रतिशत का सवाल है तो इस बार के चुनावों में महिलाओं में यह 71.6 प्रतिशत रहा जबकि पुरुषों में यह 62.8 प्रतिशत रहा। इस अन्तर को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि 2025 के चुनाव में पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों ने पांच लाख अधिक वोट डाले। ये आंकड़े तब हैं जबकि राज्य में हुए विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के नाम अधिक कटे। बिहार में 3.93 करोड़ पुरुष मतदाता हैं और 3.51 करोड़ महिला मतदाता हैं। इस प्रकार पुरुष व महिला मतदाताओं में 42.34 लाख मतों का अन्तर है। हालांकि चुनाव आयोग ने इन चुनावों में कुल स्त्री व पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या जारी नहीं की है मगर प्रतिशतता के आधार पर जो आंकड़ा निकलता है वह 2.52 करोड़ महिला वोटरों का है और 2.47 करोड़ पुरुष वोटरों का है। जैसा कि मैंने ऊपर भी लिखा है। इससे जाहिर होता है कि महिला वोटरों में ज्यादा उत्साह था। यह उत्साह इसीलिए था कि बिहार में महिलाओं के सिर पर जिम्मेदारी का बोझ पुरुषों के मुकाबले ज्यादा रहता है लेकिन क्या इसका मतलब यह निकाल लिया जाये कि महिलाओं के सभी वोट नीतीश बाबू को पड़े हैं? यह आंकलन सही नहीं होगा क्योंकि एक तरफ यह भी कहा जाता है कि बिहार का समाज विभिन्न जातिगत खांचों में बंटा हुआ है।

अगर यह सच है तो इसका असर महिला मतदाताओं पर भी पड़ना चाहिए क्योंकि राज्य में सभी चुनाव विश्लेषण जातिगत आधार पर ही किये जाते हैं। यह भी सच है कि अलग-अलग जातियों की अपनी-अपनी राजनीतिक पार्टियां भी हैं। यदि महिलाएं जाति-पाति से ऊपर उठकर मतदान करती हैं तो इसे बिहार की राजनीति में एक नया प्रयोग कहा जायेगा परन्तु वास्तव में ऐसा है नहीं क्योंकि चुनाव नतीजे हमें इसका प्रमाण नहीं देते रहे हैं। यदि पुराना इतिहास देखें तो ये प्रमाण तो हैं कि नीतीश बाबू फायदे में रहे हैं मगर इस बात के सबूत नहीं हैं कि महिलाओं ने जात-पात से ऊपर उठकर मतदान किया है। अभी तक 2010 में नीतीश बाबू की जद (यू) पार्टी को सर्वाधिक 115 सीटें हासिल हुई थीं। इन चुनावों में महिलाओं ने 54.49 प्रतिशत व पुरुषों ने 51.12 प्रतिशत वोट डाले। इन चुनावों में भाजपा व जद (यू) का गठबन्धन था। यह वोट 2005 से 2010 तक के नीतीश के कार्यकाल के आधार पर था जिसमें लालू जी की पार्टी को मात्र 22 सीटों पर ही सन्तोष करना पड़ा था। इसके बाद 2015 में नीतीश बाबू का लालू जी से गठजोड़ था जिसमें महिलाओं ने 60.48 प्रतिशत व पुरुषों ने 53.32 प्रतिशत मत दिया था। इसमें लालू जी की पार्टी को सर्वाधिक 80 व नीतीश बाबू की पार्टी को 71 सीटें ही मिली थीं। अतः इन चुनावों में जातिगत समीकरण ने भी अपना काम किया था। इस बार 2025 में यही देखा जाना है कि महिलाओं का अधिक मत प्रतिशत किस हद तक नीतीश बाबू की मदद करता है।

## हमारी करोड़ों रूपए की सफाई मशीन

संतोष उत्सुक

व्यंग्य

'स्वीपिंग' की जगह हिंदी में 'सफाई' कहें तो महत्त्व कम सा होने लगता है। अंग्रेज़ी में स्वीपिंग कहो तो अच्छा और ऊंचा लगता है। मंत्री की जगह मंत्रीजी कहो तो शान में बढ़ोतरी दिखती है। मंत्रीजी ने समझाया, राजधानी के लिए दो स्वीपिंग मशीनें, साढ़े छ करोड़ रूपए में जर्मनी से खरीदी गई हैं। अगर जर्मनी की जगह जर्मनीजी कह देते तो जर्मनी की इज्ज़त बढ़ जाती। फिलहाल मशीनों का फार्मल स्वागत किया गया, धूमधाम वाला न्यू नार्मल, नारियल फोड़ू स्वागत बाद में होगा ही। मंत्रीजी बोले, अब हमारी सरकार है, हम जैसे मर्ज़ी सफाई करवाएं। इन विपक्ष वालों को क्या पता कि कैसे, कुछ करना चाहिए। स्वच्छ वायु कार्यक्रम चलते हमारा भी तो कर्तव्य बनता है। गांव की वायु तो स्वच्छ ही होती है। हमारे विकसित शहर हमारा सम्मान हैं। यहां सफाई और स्वच्छता ज़्यादा ज़रूरी है इसलिए हमने बढ़िया मशीनें विदेश से मंगाई हैं। हमारी मंगवाई करोड़ों की मशीनें, एक ही दिन में कई किलोमीटर सड़क की सफाई कर देंगी। वीआईपी मूवमेंट के दौरान कमाल की सफाई होगी, हाथ से... मतलब मैन्युअली सफाई... साफ़ सुथरी नहीं हो पाती। मंत्री होने के बावजूद उन्हें पता है कि सफाई कर्मचारियों को दस्ताने, बूट, वर्दी वगैरा बेहतर क्वालिटी के नहीं मिल पाते क्यूंकि सप्लाई ही घटिया होते हैं। इस मामले में किस किस की खिंचाई करें। उन्होंने मीडिया, सोशल मीडिया और एंटी सोशल मीडिया वालों को बताया, हमारी मशीनें शहर की मुख्य सड़कों की सफाई करेंगी। यह लुभावनी मशीन, सड़कों पर जमा कचरे, धूल मिटटी को साफ करेगी। यह गर्व की बात है कि हम अपने स्मार्ट शहर की ख़ास सड़कों की सफाई विदेशी मशीनों से करवाने जा रहे हैं। ऐसा होना विश्गुरुओं की धरती पर ही संभव है। इतनी सुन्दर, सुघड़, सुपर मशीन को हर किसी सड़क पर तो लेकर भी नहीं जा सकते। क्या इज्ज़त रह जाएगी मशीन की, सरकार की, मशीन बनाने और बेचने वाले की। जल्द ही इनका ट्रायल किया जाएगा फिर लाखों रुपए खर्च कर रजिस्ट्रेशन करवाएंगे। ड्राइवर सफ़ेद वर्दी पहनकर जब इसे चलाएगा तो, शानदार मशीन, शान से सफाई कर, हमारी सरकार की शान में इजाफा करेगी। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग बढ़ जाएगी। हमें पुरस्कार मिलने की आशंका ...अ.. माफ़ करें, संभावना बलवती हो जाएगी। उन्होंने मन ही मन कहा, गांव में ऐसी मशीन का क्या करेंगे। वहां साफ़ सफाई की ज़्यादा ज़रूरत भी नहीं है। वहां के निवासियों को साफ़ सुथरा रहने की आदत पड़ गई तो जागरूकता फैलने लगेगी और प्रशासन के लिए परेशानी हो जाएगी। वैसे भी महंगी सुविधाओं पर विकसित लोगों का हक होता है। इतनी महंगी मशीनें सफाई करें और उस पर आम जूते पहनकर लेकर चलें यह व्याकरण... माफ़ करें समीकरण नहीं जंचेगा। विपक्ष के राजनेताओं ने उनसे सवाल किया कि जिस शहर में आप सवा तीन करोड़ की एक सफाई मशीन ला रहे हो, उस शहर में आम जनता के लिए सामान्य साफ़ सुथरी जन सुविधाएं यानी पेशाब घर और शौचालय नहीं है। दूसरा सवाल रहा, आप सफाई कर्मचारियों को सुविधाएं क्यूं नहीं देते। उन्हें गटर में मरने देते हैं इस पर मंत्रीजी का जवाब रहा, हर सरकार के शासन में ऐसा होता रहता है। आपकी सरकार भी बिलकुल ऐसा करती थी, अब हमारी कर रही है तो आपको तकलीफ हो रही है। आप विपक्ष वाले स्वदेशी का राग अलाप रहे हो, वो तो आप तब भी गाते थे जब आपका शासन था। आप इस शब्द पर राजनीति कर रहे हो।उन्होंने लगभग चीखकर कहा, हम ज्यादा से ज़्यादा नागरिकों को यह लाजवाब सफाई मशीनें दिखाकर कहेंगे, आप कितने सौभाग्यशाली हैं, देखिए आपकी मातृभूमि की सड़कों की सफाई कितनी महंगी विदेशी मशीनों से करवाई जा रही है। कुछ भी कह लो जी, करोड़ों रूपए की सफाई मशीन देखने लायक होती है। डर लगता है साफ़ सुथरा हाथ लगने से कहीं गंदी न हो जाए।

# ऋण के जाल में फंसे देशों से भारत के राज्यों को मिलती है सीख



प्रह्लाद सबनानी
सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक

वैश्विक स्तर पर कई विकासशील एवं अविकसित देशों पर लगातार बढ़ रहे ऋण के दबाव के चलते इन देशों की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव स्पष्टतः दिखाई दे रहा है। इन देशों द्वारा अपने नागरिकों को लम्बे समय तक मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराना जारी रखा गया है एवं यहां की सरकारों द्वारा अपने आय के साधनों में पर्याप्त वृद्धि नहीं की गई है। नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं को ऋण लेकर भी जारी रखना अब इन देशों के लिए आत्मघाती निर्णय साबित होता हुआ दिखाई दे रहा है, और आज यह देश दिवालिया होने के मुहाने पर खड़े हैं तथा इन्हें अपना सामान्य प्रशासन चलाने के लिए खर्च करने हेतु भी ऋण लेना पड़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक आंकलन के अनुसार, अक्टूबर 2025 में वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद का 98.9 प्रतिशत सार्वजनिक ऋण बकाया है, जो वर्ष 2030 तक 102.3 प्रतिशत तक बढ़ जाने की सम्भावना है। विभिन्न देशों के सार्वजनिक ऋण, आय से अधिक खर्च करने की प्रवृति, अधिक ब्याज दर, आय में कम वृद्धि होना, आदि कारकों के चलते लगातार बढ़ता जा रहा है। विकासशील एवं अविकसित देश अपनी आय में वृद्धि नहीं कर पाते हैं परंतु, उन्हें अपने नागरिकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए खर्च लगातार बढ़ाते रहना होते हैं। इन्हीं कारणों के चलते श्रीलंका, अर्जेंटीना, सूडान, ग्रीस, मालदीव, सेनेगल, आदि देशों में तो आर्थिक आपातकाल की घोषणा करनी पड़ी थी एवं विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थानों द्वारा इन देशों की मदद के लिए आगे आना पड़ा था, अन्यथा यह देश लगभग दिवालिया घोषित होने की स्थिति में पहुंच गए थे। वर्ष 2025 में विश्व के प्रथम 10 देशों में, जिनका ऋण का सकल घरेलू उत्पाद से प्रतिशत सबसे अधिक है, शामिल हैं- जापान (229.6 प्रतिशत), सूडान (221.5 प्रतिशत), सिंगापुर (175.6 प्रतिशत), ग्रीस (146.7 प्रतिशत), बहरीन (142.5 प्रतिशत), इटली (136.8 प्रतिशत), मालदीव (131.8 प्रतिशत), अमेरिका (125 प्रतिशत), सेनेगल (122.9 प्रतिशत) एवं फ्रान्स (116.5 प्रतिशत)।

ग्रीस, घाना, हैती, मोजांबीक, पाकिस्तान, जाम्बिया, फिलिपींस, श्रीलंका, कीन्या, अर्जेंटीना, आदि देशों द्वारा अधिक मात्रा में लिए गए ऋण के चलते इनकी वित्तीय स्थिति डावांडोल हो चुकी है। इन देशों द्वारा अपने खर्चों को व्यवस्थित तरीके से नहीं किया गया था एवं केवल जनता को मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध कराना लम्बे समय तक जारी रखा गया था तथा साथ में आय बढ़ाने के साधनों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। इससे इन देशों का बजटीय घाटा लगातार बढ़ता रहा तथा मजबूरी में इन्हें अपने साधारण सरकारी कामकाज चलाने के लिए भी ऋण लेते रहना पड़ा है। वर्ष 2001 में युगांडा में वित्तीय संकट खड़ा हो गया था एवं उस समय पर युगांडा अपने सामान्य खर्चों को जारी रखने के स्थिति में भी नहीं था।

भारत में भी कुछ राज्य फ्रीबी के नाम पर कुछ ऐसी योजनाएं चला रहे हैं जिनके अंतर्गत राज्य की जनता के बिजली एवं पानी के बिल समय समय पर माफ किये जा रहे हैं। किसानों, बुजुर्गों एवं मातृशक्ति के बैंक खातों में सीधे ही कुछ राशि प्रति माह जमा की रही है। जबकि, इन राज्यों की वित्तीय स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि इनके बजट इस अतिरिक्त खर्च को वहन कर सकें। कुछ राज्य तो आज मजबूरी में इन योजनाओं को चलायमान बनाए रखने के लिए बाजार से ऊंची ब्याज दर पर ऋण भी लेने लगे हैं। जिसका प्रभाव इन राज्यों की वित्तीय स्थिति पर विपरीत रूप से पड़ रहा है। यदि समय पर ये राज्य नहीं चेते एवं इन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं किया तो ये राज्य अपने भारी भरकम ऋणों पर ब्याज अदा करने में चूक करने की ओर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर तौर पर जब राज्यों की आर्थिक स्थिति की चर्चा होती है तो इसका असर राज्यों के विकास और इन राज्यों में निवास कर रहे नागरिकों के जीवन पर भी पड़ता है। लोकलुभावन राजनीति इन राज्यों की वित्तीय स्थिति को बहुत बुरे तरीके से प्रभावित कर रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के वार्षिक प्रतिवेदन में भी राज्यों की वित्तीय स्थिति को लेकर कई गंभीर पहलु और सवाल खड़े किए गए हैं। विशेष रूप से पंजाब, केरल, झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल आदि राज्य बढ़ते कर्ज के बोझ तले दबे जा रहे हैं और इन राज्यों की अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही है। हाल ही के समय में पंजाब, केरल, राजस्थान, पश्चिम बंगाल एवं बिहार की वित्तीय सेहत बहुत बिगड़ी है।

सभी राज्यों की वित्तीय सेहत का विस्तार से आकलन करने पर ध्यान में आता है कि कई राज्यों द्वारा अनियंत्रित रूप से चलाई जा रही मुफ्त योजनाओं, लोकलुभावन घोषणाओं, अत्यधिक सब्सिडी देने एवं पुरानी पेंशन योजना बहाली से इन राज्यों की वित्तीय सेहत बहुत बुरी तरह से बिगड़ रही है। राज्य, विशेष रूप से सत्ता प्राप्त करने के उद्देश्य से, कई लोकलुभावन घोषणाएं करते हैं जैसे कि बिजली एवं पानी मुफ्त में उपलब्ध कराने का वादा, उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान करने का वादा आदि जिसका सीधा असर राज्य की माली हालत पर पड़ता है। पंजाब की आर्थिक स्थिति पूर्व में ही बहुत गम्भीर अवस्था में पहुंच चुकी है फिर वहां नई सरकार ने किए गए चुनावी वादे अर्थात मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के अपने वादे पर कार्य करना शुरू कर दिया है जिससे पंजाब की स्थिति निश्चित रूप से और अधिक बिगड़ने जा रही है और पंजाब को ऋण की किश्त एवं ऋणों पर ब्याज अदा करने हेतु भी ऋण लेना पड़ रहा है। किन परिस्थितियों में, कितने प्रकार की, कितनी और किस स्तर तक लोक लुभावन घोषणाएं की जानी चाहिए, इस सम्बंध में अब नियम बनाने का समय आ गया है। वैसे यदि ऋण को उत्पादक कार्यों पर खर्च किया जाय तो अधिक ऋण-सकल घरेलू अनुपात अपने आप में बुराई नहीं है परंतु जब ऋण लेकर इसे अनुत्पादक कार्यों जैसे मुफ्त बिजली एवं मुफ्त पानी उपलब्ध कराने जैसे कार्यों पर खर्च किया जाता है तो इसका राज्य की आर्थिक व्यवस्था पर बहुत ही बुरा असर पड़ता है। चुनावों के वादे पूरे करने के लिए राज्यों द्वारा ऋण लिए जा रहे हैं। इन्हीं कारणों के चलते पंजाब की आर्थिक हालत आज बहुत ही दयनीय स्थिति में पहुंच गई हैं। देश के कई राज्य आज ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि इन राज्यों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक मदद यदि समय पर नहीं पहुंचाई जाती तो इन राज्यों की स्थिति भी आर्जेंटीना, श्रीलंका अथवा ग्रीस जैसी बनती दिखाई देती। कुछ राज्यों की स्थिति तो यह है कि इनके रोजमर्रा के खर्चे चलाने के लिए उनकी कुल आय का 90 प्रतिशत भाग इन खर्चों पर उपयोग हो जाता है जिसके परिणाम स्वरूप राज्य के विकास कार्यों पर खर्च करने को कुछ बचता ही नहीं है। अब इन राज्यों की आय कैसे बढ़े? इन राज्यों द्वारा लगातार की जा रही लोक लुभावन घोषणाओं के कारण इन राज्यों के खर्चे लगातार अनियंत्रित रूप से बढ़ते जा रहे हैं। इस तरह के खर्चों को करने के लिए नित नए ऋण लिए जा रहे हैं और इन ऋण राशि का उपयोग उत्पादक कार्यों में नहीं लगा पाने के कारण ये राज्य अपनी आय में वृद्धि भी नहीं कर पा ररही हैं। इस प्रकार ये राज्य डेट ट्रैप की स्थिति में फंसते जा रहे हैं। आय का 25 से 30 प्रतिशत भाग ऋण का ब्याज भुगतान करने में ही खर्च हो रहा है।

विभिन्न राज्यों के वित्तीय घाटे की स्थिति एवं प्रवृत्ति पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर इस पर रोक लगने का समय अब आ गया है। उत्पादक कार्यों पर सब्सिडी दी जाय तो ठीक है परंतु यदि यह लोक लुभावन वायदों को पूरा करने पर दी जा रही है तो इन पर अब अंकुश लगाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा आगे बढ़कर इस सम्बंध में कुछ नियम जरूर बनाए जाने चाहिए। यदि इन राज्यों की वित्तीय स्थिति लोक लुभावन घोषणाओं को पूरा करने की नहीं है तो, इस प्रकार की घोषणाएं चिन्हित राज्यों द्वारा नहीं की जानी चाहिए, ऐसे नियम बनाए जाने चाहिए। सहायता की राशि केवल चिन्हित व्यक्तियों को ही प्रदान की जानी चाहिए न कि राज्य की पूरी जनता को उपलब्ध करायी जाय। जैसा कि बिजली माफी योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। राज्य के समस्त परिवारों को 330 यूनिट बिजली मुफ़्त में उपलब्ध कराए जाने के प्रयास हो रहे हैं। यदि राज्य की आर्थिक हालत बिगड़ रही है तो इसका खामियाजा भी अंततः उस प्रदेश की जनता को ही भुगतना पड़ता है। यह राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, आदि मदों पर होने वाले खर्च में कटौती करते हैं, जो राज्य के आर्थिक विकास एवं भविष्य में आने वाली पीढ़ी के लिए ठीक नहीं है। राज्य में आर्थिक विकास की गति कम होने से इन राज्यों में रोजगार के अधिक अवसर भी निर्मित नहीं हो पा रहे है।

# जर्मनी में पोलियो का जंगली रूप हैम्बर्ग में मिला खतरनाक वायरस

नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर पोलियो को समाप्त करने के लिए युद्ध स्तर पर काम हुए हैं। सभी देशों ने इसे जड़ से समाप्त करने के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया है। हालांकि, अभी तक इस पर पूरी तरह सफलता नहीं मिल पाई है। कुछ क्षेत्रों ने इसमें काफी हद तक सफलता पाई थी। इस बीच जर्मनी के हैम्बर्ग में अपशिष्ट जल के एक नमूने में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 का पता लगाया गया है। दरअसल, यूरोपीय संघ की एक एजेंसी, यूरोपीय रोग निवारण और नियंत्रण केंद्र ने अपने एक बयान में बताया कि जर्मनी ने हैम्बर्ग में अपशिष्ट जल के नमूने में जंगली पोलियो वायरस टाइप 1 (डब्ल्यूपीवी 1) का पता लगाने की सूचना दी है।

### पोलियो खत्म करने का प्रयास

इससे पहले ऐसी रिपोर्टें आई थीं कि 2024 के अंत से जर्मनी में कई स्थानों से प्राप्त अपशिष्ट जल के नमूनों में वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस टाइप 2 (सीवीडीपीवी2) पाया जा रहा है, जो ऐसे समय में एक झटका है, जब देश इस वायरस को खत्म करने के लिए प्रयासरत हैं।

### इन लोगों के लिए खतरा

सीवीडीपीवी2 और डब्ल्यूपीवी1 का पता लगाना एक दूसरे से संबंधित नहीं है, लेकिन दोनों पोलियो वायरस उन लोगों में पोलियो का कारण बन सकते हैं, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है या जिनका पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ है। रॉबर्ट



कॉख इंस्टीट्यूट ने अपने बयान में कहा, जर्मनी में सीवेज के एक नमूने में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 का पता चला है। हालांकि राहत की बात है कि अब तक किसी भी इंसान में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है।

जर्मनी में अपशिष्ट जल के नमूने में डब्ल्यूपीव्ही1 का पाया जाना असामान्य है, लेकिन अप्रत्याशित नहीं। बयान में कहा गया है कि जर्मनी में अपशिष्ट जल मेंड ब्ल्यूपीव्ही1 के पाए जाने से यूरोपीय आबादी को होने वाला जोखिम बहुत कम माना जा रहा है, क्योंकि इस पूरे क्षेत्र में टीकाकरण दर आम तौर पर बहुत ऊंची है। डब्ल्यूपीव्ही1 के जीनोम अनुक्रम से पता चला है कि यह अफगानिस्तान के एक जेनेटिक क्लस्टर से अत्यधिक मेल खाता है। वर्तमान में डब्ल्यूपीव्ही 1 केवल अफगानिस्तान और पाकिस्तान में ही फैल रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में इसे इन दोनों देशों के बाहर भी पाया गया है। ईरान (2019) में पर्यावरण नमूनों में और मलावी (2021) तथा मोजाम्बिक (2022) में ये मामले मिले थे।

### टीकाकरण कवरेज 90% से अधिक

सभी यूरोपीय संघ/ईईए देशों में पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम हैं और सभी निष्क्रिय पोलियो टीके (आईपीवी) का उपयोग करते हैं। अधिकांश यूरोपीय संघ/ईईए देशों में टीकाकरण कवरेज 90प्रतिशत से अधिक है। चूंकि पोलियो का विश्व स्तर पर उन्मूलन नहीं हुआ है, इसलिए यूरोप में इस विषाणु के पुन: फैलने का खतरा तब तक बना रहेगा जब तक वहां ऐसे लोग हैं जिनका पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ है। ऐसे में लोगों को पोलियो से बचाने के लिए टीकाकरण की आवश्यकता है।

अपशिष्ट जल में पोलियो वायरस की पूर्व में हुई पहचान के बाद ईसीडीसी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकारियों के लिए सिफारिशें की हैं। सभी यूरोपीय संघ/ईईए देशों में नियमित टीकाकरण कार्यक्रमों में शामिल पोलियो-युक्त टीकों का समय पर प्रशासन सुनिश्चित करना, विशेष रूप से छोटे बच्चों के लिए, ताकि समाज के सभी स्तरों पर कम से कम 90प्रतिशत कवरेज बनाए रखा जा सके।

यूरोपीय रोग निवारण और नियंत्रण केंद्र के बयान के अनुसार, ईसीडीसी स्थिति की निगरानी करने, मार्गदर्शन प्रदान करने और उच्च टीकाकरण स्तर बनाए रखने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

## अफ़ग़ानिस्तान में बम जैसी सामग्री में विस्फोट में तीन बच्चों की मौत

**काबुल, (वार्ता)।** पश्चिमी अफ़ग़ानिस्तान के बदगीस प्रांत में बम जैसी विस्फोटक सामग्री को तोड़ने का प्रयास कर रहे तीन बच्चों की मौत हो गयी है। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता सेदिकुल्लाह सेदिक़ी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गुरूवार को बच्चों को एक मैदान में खिलौने जैसी आकृति वाला बम मिला और वे उसे खोलने का प्रयास करने लगे और इसी दौरान उसमें जोरदार विस्फोट होने से तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी। प्रवक्ता ने बताया कि इसी प्रांत में इस तरह की यह दूसरी घटना है। एक हफ़्ते पहले भी ऐसी ही एक घटना में दो बच्चों की जान चली गयी थी। युद्धग्रस्त अफ़ग़ानिस्तान दुनिया के सबसे ज़्यादा बारूदी सुरंगों से प्रभावित देशों में से एक है जहां पिछले चार दशकों से ज़्यादा समय से चले आ रहे युद्ध में इधर उधर पड़े गोला-बारूद से अक्सर नागरिकों, ख़ासकर बच्चों की जान चली जाती है या घायल हो जाते हैं।

## बिहार चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रियाएं

### बिहार में केवल सुशासन की सरकार: केशव मौर्य

**लखनऊ, (वार्ता)।** बिहार विधानसभा चुनाव में जारी मतगणना के बीच उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और बिहार के सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि बिहार की जनता ने जंगलराज, कट्टाराज और गुंडाराज को दरकिनार कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विकास के मॉडल को अपनाया है। श्री मौर्य ने एक्स पर लिखा , मतगणना के रुझान से साफ है कि बिहार की जनता का रूख साफ है- न जंगलराज, न कट्टाराज, न गुंडाराज, न तुष्टिकरण, न परिवारवाद, न घोटाला, न भ्रष्टाचार, न अहंकार और न ही जातिवाद। उन्होंने कहा बिहार को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में केवल सुशासन, विकास और पारदर्शी नेतृत्व ही स्वीकार है। राजदङ्कांग्रेस एंड कंपनी का मॉडल सिर्फ धोखा है।गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों की तस्वीर साफ होती दिख रही है। चुनाव आयोग के रुझानों के अनुसार, भाजपा 82, जदयू 75, लोजपा 22 समेत अन्य सहयोगी दलों को मिला कर राजग 186 सीटों पर आगे चल रही है। माना जा रहा है कि 3-4 बजे तक ही कुछ साफ हो पाएगा कि इस बार बिहार में हुई बंपर वोटिंग राजग को बनाए रखने के लिए हुई है या फिर तेजस्वी यादव की सरकार लाने के लिए हुई हैं।

### बिहार ने विकास को चुना, डबल इंजन सरकार पर जताया विश्वास: संतोष पांडे

**रायपुर, (वार्ता)।** छत्तीसगढ़ मीडिया विभाग के प्रमुख प्रवक्ता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संतोष पांडे ने बिहार चुनाव के रुझानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता ने विकास को चुना, डबल इंजन सरकार पर विश्वास जताया है। परिणाम पहले से ही अनुमानित थे। उन्होंने कहा, बिहार चुनाव के जो रुझान आ रहे हैं, यह तो आने ही थे। टिकट घोषणा के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी गायब रहे – यही काफी संकेत था। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बिहार के प्रभारी थे और उनका इतिहास रहा है कि जहां भी चुनाव के प्रभारी बनकर जाते हैं, वहां कांग्रेस का बंटाधार तय होता है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड – हर जगह परिणाम सामने हैं। श्री पांडे ने कहा कि कांग्रेस में टिकट वितरण की प्रक्रिया भी अव्यवस्थित रही। उन्होंने कहा, टिकट वितरण से पहले ही एयरपोर्ट के बाहर ज़माबाजार लग गया था। ऐसे में जनता का भरोसा उठना स्वाभाविक है।

### बिहार चुनाव में विजय का तोहफा देकर महिलाओं ने नीतीश और मोदी का शुक्रिया अदा किया है : अनामिका पासवान

**पटना, (वार्ता)।** भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान ने कहा है कि इस बार विधानसभा चुनाव के परिणाम बिहार में बढ़ते नारी सशक्तिकरण का प्रतीक हैं और महिलाओं ने इस विजय का तोहफा दे कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा किया है। बीस वर्ष पहले मुख्यमंत्री श्री कुमार ने बिहार में महिला सशक्तिकरण का संकल्प लिया था, जिसमे बाद 2015 से उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ मिला। दो दशकों में महिलाओं को आगे लाने के लिए प्रदेश में बहुत काम हुए। बालिकाओं को साइकिल और पोशाक दे कर स्कूल भेजा गया। उन्हें स्थानीय निकायों के साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया। उन्होने कहा कि आज देश के किसी भी राज्य के मुकाबले बिहार में सर्वाधिक महिला पुलिस फोर्स है। उन्होंने कहा कि बिहार में जीविका समूह की स्थापना नीतीश सरकार का मास्टर स्ट्रोक था। आज महिलाएं आगे बढ़ कर उद्यमी बन रही हैं और रोजगार के अवसर ढूंढ रही हैं। दस हजार रुपये भेज कर और एक करोड़ चालीस लाख महिलाओं के सपने जगा कर एनडीए सरकार ने अनोखी पहल की है जिसके परिणाम दुरगामी होंगे।

### जनता में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनने का जनादेश दिया है: श्रवण कुमार

**पटना, (वार्ता)।** बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने शुक्रवार को कहा कि पूरे बिहार की जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के हाथ को मजबूत करने और नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनने के लिए जनादेश दिया है। श्री कुमार ने कहा कि प्रत्येक सीट पर उम्मीदार को नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर वोट मिला है। नालंदा श्री कुमार का गृह क्षेत्र है और यहां अन्याय के लिए कोई जगह नही है। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि जीविका दीदी को पैसे देकर सरकार ने अपना फर्ज निभाया। उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाएं यदि सशक्त होंगी तो राज्य तरक्की करेगा और विकास करेगा। राज्य के विकास में महिलाओं को भागीदार बनाने के लिए उन्हें दस हजार की आर्थिक सहायता दी गई है। रोजगार शुरू होने के बाद उन्हें दो लाख रुपया पुन: दिया जाएगा। महिला उत्थान मुख्यमंत्री का संकल्प है, जिसे पूरा करने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं।

### बिहार चुनाव परिणाम उम्मीद के अनुसार, जनता ने महागठबंधन को नकारा: संजय झा

**पटना, (वार्ता)।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की भारी जीत के रुझानों के बीच जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने शुक्रवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक ही आ रहे हैं। श्री झा ने बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना के रुझानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मीडियाकर्मियों से कहा कि नतीजे उम्मीद के मुताबिक ही आ रहे हैं। एनडीए के सभी नेता चुनाव प्रचार के दौरान भारी बहुमत की भविष्यवाणी कर रहे थे, जो साबित हो रहे हैं। जदयू के नेता ने कहा कि नीतीश सरकार के अच्छे प्रदर्शन की वजह से जनता को सत्ता से किसी को कोई शिकायत नहीं है। मुख्यमंत्री से जनता को यदि कुछ शिकायतें हों भी तो लोगों को पूरा विश्वास है कि उन समस्यायों का समाधान भी श्री कुमार ही निकाल सकते हैं।

## चीन में 1500 साल पुराने मंदिर में लगी भीषण आग, सदियों पुराना पैविलियन जलकर नष्ट

नई दिल्ली



चीन के जियांगसू प्रांत के झांगजियागांग इलाके में 12 नवंबर 2025 को 1500 साल पुराने योंगचिंग मंदिर में भीषण आग लग गई। आग सुबह करीब 11:24 बजे लगी और देखते ही देखते मंदिर के प्रसिद्ध वेनचांग पैविलियन को अपनी चपेट में ले लिया। यह इमारत मंदिर परिसर में स्थित एक बहुमंजिला लकड़ी की संरचना थी, जिसे प्राचीन शैली में बनाया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी तेज थी कि धुआं और लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं। सोशल मीडिया पर भी इसके कई वीडियो तेजी से वायरल हुए, जिनमें पूरा ढांचा आग की लपटों में घिरा दिखा। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि दमकलकर्मियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। दोपहर तक स्थिति नियंत्रित हो गई और राहत की बात यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। आग ने वेनचांग पैविलियन को पूरी तरह नष्ट कर दिया, लेकिन मंदिर की मुख्य संरचनाएं, जो छठी सदी (536 ईस्वी) में दक्षिणी राजवंश के दौर की हैंसुरक्षित बच गईं। योंगचिंग मंदिर अपनी बौद्ध परंपरा, लकड़ी की नक्काशी और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर सदियों से श्रद्धालुओं और पर्यटकों का प्रमुख केंद्र रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। विशेषज्ञ बिजली के खराब तारों, धूप-दीप के इस्तेमाल या पुरानी लकड़ी की संरचना में खामी जैसे कारणों की जांच कर रहे हैं। पुनर्निर्माण का काम लंबा चलेगा।

## सिडनी हवाई अड्डे पर यात्री से 22 किलोग्राम कोकीन जब्त

**सिडनी, (वार्ता)।** दक्षिण अफ्रीका से सूटकेस में 22 किलोग्राम कोकीन लाने के कथित प्रयास के आरोप में सिडनी निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस बल (एबीएफ) और ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि दक्षिण-पश्चिम सिडनी के 25 वर्षीय व्यक्ति को जोहान्सबर्ग से दोहा होते हुए सिडनी हवाई अड्डे पर विमान से उतरने के बाद सामान की जांच के लिए रोका गया। एबीएफ के अधिकारियों ने जांच के दौरान सूटकेस के भीतर प्लास्टिक में लिपटे 22 पैकेट पाए। इन पैकेटों में एक सफेद पाउडर था जिसकी बाद में जांच की गई तो पता चला कि वह कोकीन है और इसकी कुल मात्रा 22 किलोग्राम थी। इस व्यक्ति को गिरफ्तार कर मामला एएफपी को सौंप दिया गया है।

## इटली में यौन हिंसा नये सिरे से परिभाषित, सहमति पर जोर

रोम, (वार्ता)

इटली ने नये कानून में यौन हिंसा की नये सिरे से परिभाषा तय की है और इसमें बल प्रयोग की बजाय सहमति को ज्यादा महत्वपूर्ण माना गया है। इस संशोधन को बड़ी पार्टियों ने समर्थन दिया है और यह इस्तांबुल कन्वेंशन के अनुरूप भी है। इटली के चैंबर ऑफ डेप्युटीज़ जस्टिस कमीशन ने यौन हिंसा विधेयक में अनिवार्य सहमति को शामिल करने के लिए संबंधित संशोधन को मंजूरी दे दी है। संसदीय सूत्रों के अनुसार, पीडी की मिशेला डि बियासे और ब्रदर्स ऑफ इटली की कैरोलिना वर्ची द्वारा प्रस्तुत इस संशोधन को पार्टी नेताओं एली श्लेन और जियोर्जिया मेलोनी ने भी अपना पूर्ण समर्थन दे दिया है। आयोग की कार्यवाही के दौरान डि बियासे ने कहा कि यह इतालवी दंड संहिता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया, यह बदलाव एक बड़े सांस्कृतिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि हमने अक्सर देखा है कि महिलाओं को झेली गई हिंसा के बावजूद खुद को सही ठहराने के लिए मजबूर किया जाता है। बिना सहमति के यौन संबंध बलात्कार है। नए कानून में कहा गया है कि जो कोई भी व्यक्ति दूसरे व्यक्ति की स्वतंत्रता और सहमति का ख्याल किये बगैर यौन संबंध बनाने की कोशिश करता है या यौन संबंध बनाता है, उसे छह से 12 साल की कैद की सज़ा होगी।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर, आर्थिक रूप से मजबूत बनाएंगे:अरविंद खन्ना

संगरूर, (वार्ता)

उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अरविंद खन्ना ने शुक्रवार को कहा कि उनकी संस्था महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चल रही योजनाओं का विस्तार करेगी।

श्री खन्ना भिवानीगढ़ के गांव बखोंपीर में महिलाओं से रूबरू हुए। यहां उन्होंने उम्मीद संस्था द्वारा चलाये जा रहे प्रोजेक्ट 'भैणां दी उम्मीद' के साथ जुड़ी महिलाओं के साथ अब तक चलायी जा रही योजनाओं के बारे में फीडबैक लिया। प्रोजेक्ट प्रभारी राजविंद्र कौर ने मौजूदा कार्यों की समीक्षा करते हुए बताया कि यहां ड्रोन दीदी, दोने प्लेट आदि बनाने के कार्यों के साथ जुड़कर सैकड़ों महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीद फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे प्रोजेक्ट से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है, और पहले जहां वह अपने परिवार पर निर्भर थी अब परिवार की मदद कर रही हैं। श्री खन्ना ने मौजूदा परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि उम्मीद संस्था के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा गांव के विकास के लिए कई योजनाओं को शुरू किया जाएगा।

## इमारत से फोटो लेते वक्त धड़ाम से नीचे गिरा केरल का युवक, दुबई में दर्दनाक मौत

नई दिल्ली

दुबई में एक 19 वर्षीय भारतीय युवक की इमारत से गिरकर मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान मिशाल मोहम्मद के रूप में हुई है। जो केरल का रहने वाला है। वह विजिट वीजा पर दुबई अपने चचेरे भाई के पास आया था। जहां ऊंची इमारत से फोटो लेते वक्त वह एक पोल से टकराकर फिसल गया और नीचे गिर पड़ा। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, केरल के कोझिकोड जिले का 19 वर्षीय मिशाल मोहम्मद अपने चचेरे भाइयों से मिलने आया था। वह करीब 15 दिनों से दुबई में था। जिसकी फोटो लेते वक्त डेरा में एक इमारत की छत से गिरकर मौत हो गई। यह घटना 7 नवंबर को हुई जब मिशाल कथित तौर पर छत से उड़ानों की तस्वीरें (एयरप्लेन का व्यू ) लेने के लिए एक बहुमंजिला इमारत की छत पर गया था।फोटो लेते वक्त वह एक पोल से टकराकर फिसल गया और नीचे गिर पड़ा। घटना के तुरंत बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा



सका। एक पारिवारिक मित्र हनीफा के के ने गल्फ न्यूज को बताया कि वह यहां अपने चचेरे भाइयों के साथ रह रहा था जबकि उसके माता-पिता कोझिकोड में ही थे। वह लगभग 15 दिनों से दुबई में था। मिशाल कोझिकोड के एक कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर था। उसे फोटो लेने का शौक था और फोटो लेते वक्त ही काल के गाल में समा गया। खलीज टाइम्स ने एक सामाजिक कार्यकर्ता एम के के हवाले से बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद मिशाल को राशिद अस्पताल ले जाया गया, अस्पताल पहुंचने तक मिशाल जीवित था, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। केरल के कोझिकोड जिले का रहने वाला मिशाल मोहम्मद अपने माता-पिता का एकलौता बेटा था और उसकी दो बहनें हैं। वह पिछले महीने के अंत में परिवार से मिलने दुबई आया था। उसका शव अब भारत भेजने की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, और बुधवार सुबह उसे केरल रवाना किया जाएगा।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

## बॉलीवुड की सबसे उम्रदराज एक्ट्रेस कामिनी कौशल का निधन, 98 साल की उम्र में कहा अलविदा



बॉलीवुड की सबसे उम्रदराज और दिग्गज अभिनेत्री कामिनी कौशल का हाल ही में निधन हो गया है। 98 साल की उम्र में अभिनेत्री कामिनी कौशल का निधन हुआ है। बॉलीवुड में कामिनी कौशल ने कई यादगार किरदार निभाए, लेकिन अब उनके निधन से फैंस और उनके करीबियों को काफी दुख पहुंचा है। फिल्म जर्नलिस्ट विक्की लालवानी ने इस बात की जानकारी दी है और अपने सोशल मीडिया के जरिए बताया है कि, कामिनी कौशल जी का परिवार काफी निजी है और इस मुश्किल वक्त में सबकुछ वो प्राइवेट ही रखना चाहते हैं। हालांकि कामिनी कौशल के निधन के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है लेकिन माना जा रहा है कि, उम्र संबंधी समस्याओं के चले कामिनी कौशल का निधन हुआ है।

कामिनी कौशल का जन्म 24 फरवरी 1927 को लाहौर में हुआ था। इसके बाद उन्होंने साल 1946 में फिल्म नीचा नगर से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म को कान फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड भी मिला था। कामिनी कौशल हिंदी सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में शुमार रही हैं, जिन्होंने बड़े पर्दे पर कई यादगार किरदारों को निभाया। साल 1946 से लेकर 1963 तक कामिनी कौशल ने एक्ट्रेस के तौर पर कई अहम फिल्मों में काम किया। अशोक कुमार, धर्मेंद्र, राज कपूर, दिलीप कुमार, देव आनंद और राज कुमार के साथ काम किया। लेकिन आज कामिनी कौशल के जाने से हिंदी सिनेमा के एक और स्वर्णिम अध्याय का अंत हुआ है।

## पारुल गुलाटी ने 'किस किसको प्यार करूं 2' के लिए यो यो हनी सिंह के साथ दस साल बाद फिर से काम करने पर बात की

बॉलीवुड अभिनेत्री पारुल गुलाटी ने कपिल शर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' के लिए यो यो हनी सिंह के साथ दस साल बाद फिर से काम करने पर बात की है। पारुल गुलाटी



और संगीत स्टार यो यो हनी सिंह दस साल बाद एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। दोनों ने आख़िरी बार 2016 की पंजाबी एक्शन फ़िल्म ज़ोरावर में साथ काम किया था, जो हनी सिंह की पहली फ़िल्म भी थी। इस बार ये जोड़ी किस किस को प्यार करूं 2 के लिए एक जोशीले प्रमोशनल गाने की शूटिंग कर रही है। इस आने वाली कॉमेडी फ़िल्म में कपिल शर्मा और पारुल गुलाटी मुख्य भूमिका में नज़र आएंगे। हनी सिंह के साथ दोबारा काम करने को लेकर पारुल ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, इतने साल बाद जब मैं हनी से मिली, तो लगा जैसे समय वहीं रुक गया हो। हम दोनों तुरंत ज़ोरावर के दिनों में लौट गए – रिहर्सल, हंसी-मज़ाक, सेट की वो मस्ती। उसके साथ दस साल बाद दोबारा काम करना एक तरफ़ पुरानी यादों जैसा था और दूसरी तरफ़ बहुत नया-नया भी लगा। उनमें आज भी वही ऊर्जा, वही जोश है, और साथ ही एक कलाकार के तौर पर वो और भी निखर गए हैं। इस गाने की शूटिंग ने कई यादें ताज़ा कर दीं, और इससे बेहतर री-यूनियन मैं चाह नहीं सकती थी। सच में ऐसा लगा जैसे एक पूरा चक्र पूरा हो गया। किस किस को प्यार करूं 2 में कपिल शर्मा की पसंदीदा कॉमेडी स्टाइल और पारुल गुलाटी का सहज अंदाज़ देखने को मिलेगा। वहीं पारुल और हनी सिंह की यह जोड़ी फिर से साथ आते ही प्रशंसकों में उत्साह बढ़ गया है। यह सिर्फ़ एक संगीत सहयोग नहीं, बल्कि दोनों कलाकारों की दस साल की यात्रा का जश्न भी है, जो अब एक नई शुरुआत को जन्म दे रहा है।

## दीपिका पादुकोण के बाद अब कुब्रा सैत ने संभाली नारीवाद की कमान, 'लव लिंगो' सीज़न 2 में बनीं पहली मेहमान



अपने बेबाक विचारों और निडर आवाज़ के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री कुब्रा सैत हाल ही में 'लव लिंगो' सीज़न 2 के पहले एपिसोड में मुख्य अतिथि बनीं नज़र आईं, जहाँ उन्होंने महिलाओं की पहचान, आत्म-स्वीकार और समाज के तयशुदा लेबल्स से परे जीने के मायनों पर खुलकर बात की। जस सगू और अर्सला कुरैशी द्वारा होस्ट किया गया यह नया सीज़न प्रेम, भाषा और संस्कृति के गहरे रिश्ते को आगे बढ़ाता है, और अब कुब्रा की ईमानदार बातचीत ने शो के टोन को एक मजबूत दिशा दी है। कुब्रा सैत ने कहा, अच्छी लड़कियाँ लड़कों से बात नहीं करतीं, अच्छी लड़कियाँ लिपस्टिक नहीं लगातीं, अच्छी लड़कियाँ बस सुनती हैं, बचपन में मैंने कहीं यह पंक्तियां पढ़ी थी। लेकिन अब मेरी ज़िंदगी में इनमें से कुछ भी नहीं है। मैं किसी तय कैलेंडर या नियमों के हिसाब से नहीं जीती और न जी सकती हूँ। कब शादी करनी है या कब खुश रहना है, ये मैं तय करूँगी। मैंने 30 साल की उम्र में तैरना सीखा, खुले समुद्र में गोता लगाया और मेरे लिए यही असली आज़ादी का एहसास है। पिछले सीज़न में दीपिका पादुकोण के प्रभावशाली विचारों की तरह, कुब्रा भी इस बार जेंडर आधारित उम्मीदों पर बातचीत को आगे बढ़ाती नज़र आई हैं और महिलाओं को अपने जीवन के मायने खुद तय करने का आमंत्रण देती हैं। बातचीत के दौरान अर्सला कुरैशी ने कुब्रा के चर्चित सीरीज़ सैक्रेड गेम्स से उनके चर्चित किरदार कुकू को याद किया, जिसने पर्दे पर एक जेंडर विशेष का प्रतिनिधित्व किया था। अर्सला ने कहा, कोई मुंबई इस सोच के साथ नहीं आता कि मैं ट्रांसजेंडर का किरदार निभाकर मशहूर हो जाऊँगी, लेकिन आपने वो किया और ट्रांसजेंडर समुदाय को यह यकीन दिलाया कि वे जैसे हैं, वैसे ही रहकर भी दुनिया का प्यार पा सकते हैं। इस पर कुब्रा ने जवाब दिया, मेरा मानना है कि अनुराग कश्यप जी ने इसे बहुत खूबसूरती से लिखा था। कुछ भी अकेले में नहीं बनता, सब कुछ सहयोग से बनता है। मैं बस सही वक्त पर सही जगह पर थी, और इतना किया कि 'ना' नहीं कहा। सैक्रेड गेम्स से लेकर लव लिंगो तक, कुब्रा सैत अपनी परफॉर्मेंस के साथ-साथ आज़ादी और आत्म-पहचान की विकसित होती समझ से भी प्रेरणा देती रही हैं। कुब्रा सैत जल्द ही वरुण धवन और मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नज़र आनेवाली हैं।

# बाल दिवस एवं बाल मेला कार्यक्रम आयोजित



नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

बाल दिवस के उपलक्ष्य में वीरांगना क्लब नरसिंहपुर द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला देवरी कला में छात्राओं एवं बच्चों को गर्म कपड़े, टॉफी एवं बिस्किट पैकेट वितरित किए गए। विद्यालय में बच्चों द्वारा बाल मेला भी आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मेले में बच्चों ने घर से विभिन्न लजीज व्यंजन बनाकर आकर्षक स्टाल लगाए तथा चाचा नेहरू के संबंध में कविताओं की सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। क्लब अध्यक्ष सविता महोबिया ने कहा कि बाल दिवस पर उन्हें गर्म वस्त्र और मिठाई प्रदान करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। क्लब संरक्षक अर्चना राय , मल्टीपल डायरेक्टर रूपकला कटारे ,विद्यालय प्रबंधन की ओर से उपाध्यक्ष एवं शिक्षिका ममता नामदेव आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लीनेस सविता महोबिया, उपाध्यक्ष ममता नामदेव, मल्टीपल डायरेक्टर लीनेस रूपकला कटारे, पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन, संरक्षक अर्चना राय, ली. रेनू नौरिया, प्रीति गोस्वामी एवं ज्योत्स्ना राय मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

## चावरा विद्यापीठ में बाल दिवस का उल्लासपूर्ण आयोजन

चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर में बाल दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे परिसर में बच्चों की खुशियाँए रंगारंग प्रस्तुतियाँ और उत्सव का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ.साथ अभिभावकों ने भी सक्रिय रूप से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन से हुईए जिसने पूरे समारोह को मंगलमय वातावरण प्रदान किया। इसके पश्चात अभिभावकों और शिक्षकों ने नृत्यए गीतए द्वय.गीत तथा द्वय.नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन जीता। उनकी सहभागिता ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए और विद्यालय एवं अभिभावकों के मधुर संबंधों को और मजबूत किया। समारोह में प्रधानाचार्य फ़ादर वर्गीजए उप.प्रधानाचार्या सिस्टर शीजा तथा केण्जीण् प्रभारी सिस्टर एंजेलिन की गरिमामयी उपस्थिति रहीए जिनके उत्साहवर्धक संदेशों ने सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कुशल एंकर हबीब ख़ान और कंचन मुद्गल द्वारा किया गयाए जिन्होंने अपनी प्रभावशाली शैली से पूरे समारोह को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रज्ञा शर्मा ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी अभिभावकोंए शिक्षकोंए विद्यार्थियों और सहयोगी स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्पूर्ण आयोजन बाल दिवस की भावनाकृमुस्कानए रचनात्मकता और एकताकृका सुंदर प्रतिबिंब रहा।





# जनजातीय गौरव दिवस मनाया

नरसिंहपुर।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ आर. बी. सिंह के निर्देशन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा एवं छात्र इकाई के संयुक्त तत्वाधान में गत दिवस धरती आभा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वि जयंती के समापन वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा नाटक कि प्रस्तुति दी गई जिसमें दिखाया गया कि किस प्रकार बिरसा मुंडा ब पूरी बिरसा जाती ने अंग्रेजों का विरोध कर अपनी धरती को गुलाम होने से बचाया। इसके पश्चात जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में *भारत निर्माण में जनजातियों का योगदान* विषय पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानी कुमारी,छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमित ताम्रकार एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ जी एस मर्सकोले एवं पूर्णिमा पटेल,सीमा शर्मा उपस्थित रहीं । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों में छात्रा इकाई दलनायिका मनीषा राजपूत , छात्र इकाई दलनायक दिनेश अग्रवाल,सह दलनायक विवेक साहू , मीडिया प्रभारी श्रुति गुप्ता,दीपिका जाटव,दीक्षा वर्मा, प्रिया चौहान,दीक्षा सेन,कंचन,सुरभि सेनी,मीडिया प्रभारी मोतीलाल कतिया,रूपेश नामदेव, अभिषेक ठाकुर,विवेक मेहरा एवं वरिष्ठ स्वयंसेवकों में हर्षित चौरसिया उपस्थित रहे।मंच संचालन आशना यादव द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आभार व्यक्त डॉ अमित ताम्रकार ने किया।

## जनजातीय गौरव वर्ष पर सेमिनार आयोजित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जन शिक्षण संस्थान नरसिंहपुर द्वारा भारत सरकार के दिशानिर्देश अनुसार जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा के अंतर्गत संस्थान द्वारा संचालित केंद्रों पर युवाओं के साथ सेमिनार आयोजित किये गए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सुमित दुबे ने बताया भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्र के इतिहास एवं विरासत में जनजातीय समुदायों के अमूल्य योगदान का स्मरण करने के उद्देश्य से 1 से 15 नवंबर 2025 तक जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा मनाया जा रहा है।सहायक कार्यक्रम अधिकारी अंजली ठाकुर ने कहा लोगों का सामाजिक-आर्थिक विकास हो,शिक्षा और कौशल विकास हो,आजीविका और उद्यमिता विकास हो,स्वस्थ व स्वच्छ समाज हो और कला संस्कृति व विरासत के बुनियादी ढाँचे का विकास हो ऐसी सरकार की मंशा है।



# नरसिंहपुर पुलिस लाइन में जनरल परेड का आयोजन

## परेड के दौरान उत्कृष्ट टर्नआउट वाले 12 पुलिसकर्मी पुरूस्कृत

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

पुलिस लाइन में जनरल परेड का आयोजन किया गया, परेड में जिले के समस्त थानों एव कार्यालयों में पदस्थ विभिन्न रैंक के अधिकारी और जवान शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा परेड की सलामी ली गयी एवं जवानों की वर्दी, अस्त्र-शस्त्र, परेड की फॉर्मेशन और अनुशासन का निरीक्षण किया।

परेड उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर, विभिन्न शाखाओं एवं पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्यस्थल पर नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा आत्म-अनुशासन एवं ड्यूटी के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने के निर्देश प्रदान किए गए। परेड के दौरान अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया, एसडीओपी, श्री मनोज गुप्ता, रक्षित निरीक्षक श्रीमति मनोरमा बघेल एवं अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिहार की प्रचंड विजय ने बढ़ाया कार्यकर्ताओं का उत्साह

## मिठाई खिलाकर व आतिशबाज़ी कर मनाया विजय उत्सव

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर मे बिहार विधानसभा चुनाव में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा एवं एनडीए गठबंधन को 200 से अधिक सीटों पर मिली प्रचंड जीत व महागठबंधन को 30 सीटों पर सिमटने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह बड़ा दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष राम



स्नेही पाठक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर शुभकामनायें देकर व ढोल-नगाड़ों, जयकारों एवं आतिशबाज़ी के साथ जोरदार जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष राम स्नेही पाठक ने कहा की बिहार की जनता ने एक बार फिर भाजपा सहित एनडीए पर भरोसा जताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और नीतीश कुमार के नेतृत्व पर अपनी मुहर लगाई है। यह सचमुच ऐतिहासिक जीत है।

महागठबंधन बार-बार राम मंदिर को लेकर अनर्गल राजनीति करता था उन्होंने कहा कि यह नतीजे बताते हैं कि देश की जनता विकास, राष्ट्रवाद और आस्था- तीनों मुद्दों को महत्व देती है और ऐसे लोगों को पसंद नहीं करती जो धार्मिक भावनाओं पर चोट करते हों। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# व्हालीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी टीमों को जिताया

## दूसरे दिन मेचों का आनंद लेने रूद्र मैदान आये नगरवासी

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)। प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह के प्रयासों से लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नगर के पुराना कॉलेज स्थित रूद्र मैदान मे खेली जा रही 19 वर्षीय बालक/बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीय 69 वीं राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता मे दूसरे दिन अनेक मैच खेले गए। मेचों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या मे नागरिको एवं जनप्रतिनिधियों नें



रूद्र मैदान पहुँचकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों मे खिलाड़ियों नें बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों को मैच जिताये।प्रतियोगिता के लिए गठित प्रचार प्रसार समिति सदस्य मधुसूदन पटैल से मिली जानकारी के अनुसार उदघाटन के बाद पहले दिन खेले गए मेचों के बालक वर्ग मे जम्मू कश्मीर ने उडीसा को 3-2 एवं उप्र ने मणिपुर, गुजरात ने पश्चिम बंगाल, सीबीएसई ने चंडीगढ़,राजस्थान ने आईपीएससी, केरल ने बिहार, तमिलनाडु ने बिहार, विद्या भारती ने नवोदय विद्यालय समिती को 3-0 से हराया। इसी प्रकार पहले दिन बालिका वर्ग के मैचो मे तमिलनाडु ने उडीसा, कर्नाटक ने असम, हरियाणा ने मणिपुर, पश्चिम बंगाल ने केरल, विद्या भारती ने झारखण्ड को 3-0 से एवं चंडीगढ़ ने जम्मू कश्मीर, नवोदय विद्यालय ने बिहार,आंध्रप्रदेश ने मप्र को 3-1 से हराया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक वर्ग के मेचों मे हिमाचल प्रदेश ने उप्र को 3-1 एवं जम्मू कश्मीर ने असम, गुजरात ने लद्दाख, सीबीएसई ने तेलंगाना, राजस्थान ने छग,केरला ने कर्नाटक, लक्षदीप ने नवोदय विद्यालय को 3-0 से हराया।

इसी प्रकार बालिका वर्ग के मेचों मे तमिलनाडु ने सीबीएसई को 3-1 एवं कर्नाटक ने हिमाचल प्रदेश, हरियाणा ने आईपीएससी, केरल ने छग एवं गुजरात ने जम्मू कश्मीर को 3-0 से हराया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन रात तक मैच जारी रहे जिन्हे देखने नागरिकों व खेलप्रेमियों का हुजूम रूद्र मैदान पर लगा रहा। उल्लेखनीय हैं कि टीमों को बालक /बालिका वर्ग मे अलग अलग 8 पूलो मे बाँटा गया हैं। अभी लीग मैच खेले जा रहे हैं उसके बाद नाक आउट राउंड शुरू होगा। प्रतियोगिता स्थल पर चिकित्सा विभाग, नपा, पुलिस विभाग की टीम भी काफ़ी सक्रियता से कार्य कर रही है। मेचों के आयोजन मे नियुक्त आफिसियल्स का सहयोग निरंतर मिल रहा है समिति नें खेल प्रेमियों से उपस्थित होकर मैचो का आनंद लेने की अपील की है।

# काल भैरव जयंती पर निकली शोभायात्रा हुए विविध कार्यक्रम

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस बाबा काल भैरव जयंती के उपलक्ष्य में श्री कालभैरव धाम प्राचीन मढ़ निरंजन वार्ड चुंगीनाका में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर काल भैरव की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर शिवम् दीक्षित के प्रवचन हुए। दोपहर के समय शिवप्रसाद कीर के यहां से भव्य शोभायात्रा कीर समाज के लोगों द्वारा शहर के मुख्य मार्गों से डीजे के साथ राधा-कृष्ण द्वारा नृत्य करते हुए निकाली गई। तदोपरांत शाम चार बजे से विशाल भंडारा, रात्रि आठ बजे महाआरती, रात्रि नौ बजे राधा कृष्ण नृत्य, रात्रि 10 बजे से



बुंदेलखंडी भजन कीर्तन महंत मंगलदास के सानिध्य में किए गए। ऐसे ही मोहित व्यास वाटिका श्मशान घाट पर मशान काल भैरव बाबा के दरबार में सुबह समय प्रभात फेरी निकाली गई। दोपहर तीन बजे से कालभैरव बाबा की शोभायात्रा श्री कालभैरव मंदिर श्मशान घाट से शहर के प्रमुख मार्गों पुराना गल्ला मंडी, सराफा बाजार, झंडाचौक, पुराने सेंट्रल बैंक रोड से भ्रमण करते हुए पं. मुरारी व्यास के घर पर जलाभिषेक के बाद पुनः श्मशान घाट पर काल भैरव मंदिर में पहुंची।

# किसान नेता संतकुमार पटेल की माताश्री का निधन



**रीवा,स्वतंत्रमत ।** समाजवादी पार्टी एवं किसान संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव संयुक्त किसान मोर्चे के नेता संतकुमार पटेल के माताश्री छोटकी देवी पटेल उम्र 82 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा में दुखद निधन हो गया। श्री पटेल की मां का पार्थिव शरीर दर्शनार्थ उनके आवास रतहरा में रखा गया है जिनका अंतिम संस्कार 15 नवंबर को उनके गृह ग्राम इटहा गढ़ में सुबह 10:00 बजे किया जाएगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किसान नेता शिव सिंह सहित तमाम शुभचिंतकों ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । श्री पटेल की मां के निधन पर संयुक्त किसान मोर्चे के नेता भैयालाल त्रिपाठी, इंद्रजीत सिंह शंखू, किसान सुब्रतमणि त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी, सोभनाथ कुशवाहा, रामजीत सिंह, सुग्रीव सिंह, फौजी यदुवंश प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, एडवोकेट अजय कुमार पटेल, अनिल मिश्रा, तेजभान सिंह, विवेक पटेल, मनीष पटेल और पत्रकार कुशमेन्द्र सिंह आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामायण सिंह, प्रदेश सचिव जगदीश सिंह यादव जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# सुशील कॉमर्स अकादमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

**रीवा स्वतंत्रमत ।** बाल दिवस के उपलक्ष में सुशील सीए कॉमर्स अकादमी निराला नगर में भारत देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ-साथ शहीद अखिलेश पटेल की श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत से ही भारत माता की जय, पंडित नेहरू अमर रहे अखिलेश पटेल अमर रहे के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम का आगाज अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन और पंडित नेहरू और शहीद अखिलेश पटेल की प्रतिमा में पुष्पांजलि के साथ किया गया। स्वागत उद्बोधन कोचिंग संचालक सुशील प्रताप सिंह द्वारा किया गया, वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा बच्चों को पुलिस विभाग में होने वाली भर्ती के साथ-साथ नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी। वही वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक तिवारी ने पंडित



जवाहरलाल नेहरू से जुड़े प्रेरक जानकारियां देते हुए छात्रों को अपने हक अधिकार के साथ जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन राज लखन पटेल द्वारा किया गय। वही इस मौके पर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत पत्रकार निशांत मिश्रा, दिनेश डायमंड डीजे, दिनेश पटेल ओबीसी, अशोक पटेल, अनिल तिवारी, डॉक्टर शिवम, डॉ. ब्योमकेश शुक्ला सहित स्टाफ राजेश सर एवं हंसराज, रमाकांत तिवारी एवं रुपेश पटेल सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## 26 नबम्बर को सरदार पटेल तिराहा में मनाया जाएगा संविधान दिवस

**रीवा स्वतंत्रमत ।** एससी/एसटी और ओबीसी महासभा जिला रीवा एवं सभी सहयोगी सामाजिक संगठनों के तत्वाधान में संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर 2025 को भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को नमन करते हुए भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल तिराहा रीवा से दोपहर 1 बजे सरदार पटेल जी की मूर्ति मे पुष्पांजलि कर भव्य पथ संचालन एवं संविधान की प्रस्तावना वाचन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा है, जिसका समापन कलेक्ट्रेट कार्यालय मे भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति मे पुष्पांजलि के बाद प्रतिमा के समक्ष संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर किया जाएगा। जिसके लिए आयोजको ने इस अवसर पर समस्त सामाजिक संगठन बुद्धिजीवी युवा साथी महिला प्रकोष्ठ एवं समाजसेवी भाइयों बहनों से सादर अनुरोध है कि समय पर उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं ।

# बाल दिवस के अवसर पर एनएसयूआई ने मनाया कार्यक्रम

**रीवा स्वतंत्रमत ।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर टीआरएस कॉलेज इकाई अध्यक्ष नितकर्ष मिश्रा व उनके साथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया इस अवसर पर नेहरू के विचारों और बाल शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया साथ ही बाल दिवस के उपलक्ष्य में मैदानी स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल में नन्हेक्ष्मुन्ने बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया गया। साथ ही बच्चों को कॉपी, पेन और चॉकलेट वितरित कर चाचा नेहरू जी की स्मृति को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता दिखाई। इस अवसर पर मैदानी उपसरपंच कमलनयन पाण्डे,टीआरएस महाविद्यालय अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा ,जिला महासचिव शक्तिपाठ, अक्षांश चौरसिया, सतीश सिंह, शैलेश दाहिया, दुर्गेश सोनी सहित कई छात्र नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# महापौर सूरी ने नवनिर्मित डामर सड़क का किया निरीक्षण

## कटनी आर्ट्र्स एंड कॉमर्स कॉलेज पहुंच मार्ग का रेस्टोरेशन कराने अधिकारियों को दिए निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शुक्रवार को वीर सावरकर वार्ड में हाल ही में लगभग 70 लाख की लागत से नवनिर्मित डामर सड़क के निरीक्षण के दौरान सड़क की फिनिशिंग, डामर की मोटाई, लेवलिंग, रोलिंग गुणवत्ता तथा सड़क के दोनों किनारों की संरचनात्मक मजबूती के निर्देश दिए। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, पार्षद शकुंतला सोनी, रेखा संजय तिवारी सहित अन्य जनों की विशेष मौजूदगी रही। महापौर ने आधार काप शंकर मंदिर के पास एवं संतोषी माता मंदिर से राजेश दुबे के घर तक की नव निर्मित सड़क का निरीक्षण करते हुए कहा कि अच्छी सड़कें नागरिकों की सुविधा और सुरक्षित आवागमन के लिए महत्वपूर्ण हैं, इसलिए गुणवत्ता मानकों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से सड़क



की सतह की समरूपता, जॉइंटिंग, ढलान एवं सब-बेस क्वालिटी की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क किनारे नालियों एवं जल निकासी व्यवस्था का भी अवलोकन किया। स्थानीय नागरिकों ने नवनिर्मित सड़क को वार्ड के लिए बेहतर सुविधा बताते हुए महापौर प्रीति सूरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सड़क तैयार होने से क्षेत्र में आवागमन काफी सुगम हुआ है। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने नाली सफाई के दौरान क्षतिग्रस्त होने की सूचना दिये जाने पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को नाली की मरम्मत कराने तथा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण मे पहुंची महापौर ने अधिकारियों को कटनी आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज पहुंच मार्ग का रेस्टोरेशन कराने के साथ ही यह भी निर्देशित किया कि शहर में होने वाले सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी, समयपाल पंकज निगम अन्य कर्मचारियों सहित स्थानीय जनों की मौजूदगी रही।

# पुलिस की कड़ी कार्रवाई

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक कटनी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना रंगनाथ पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग की जाकर, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में थाना प्रभारी अरूणपाल सिंह एवम थाना रंगनाथनगर स्टाफ के द्वारा धारा 8/21,22 एनडीपीएस एक्ट, 5/11 म.प्र. ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी मंजा सेन उर्फ गणेश पिता स्व. श्याम सुंदर सेन उम्र 48 साल नि. रिलेक्सो शोरूम के पीछे बरगवां थाना रंगनाथ नगर, दीपू उर्फ रामजानी सेन पिता मनमोहन सेन उम्र 24 साल नि. रिलेक्सो शोरूम के पीछे बरगवां थाना रंगनाथ नगर कटनी घटना क्रमः- 13 नवम्बर को जुर्म जयराम अपराध पतासाजी एवं पेट्रोलिंग के दौरान पर्यावरण कॉलोनी रोड ओ.एफ.के. के पास दो व्यक्ति संदिग्ध हालत मे रोड के अंदर तरफ जंगल में बैठे दिखे जो पुलिस के वाहन को आता देख भागने लगे जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर नाम पता पूछा जो अपना नाम मंजा सेन उर्फ गणेश पिता स्व. श्याम सुंदर सेन उम्र 48 साल नि. रिलेक्सो शोरूम के पीछे बरगवां थाना रंगनाथ नगर, दीपू उर्फ रामजानी सेन पिता मनमोहन सेन उम्र 24 साल नि. रिलेक्सो शोरूम के पीछे बरगवां थाना रंगनाथ नगर कटनी का होना बताये उक्त दोनो व्यक्ति कटनी के होने के वावजूद रास्ता भटकना बोलने से और अधिक संदेह गहराया जो संदेहियो से अपने अपने हाथ मे लिये काले रंग के हैण्ड



बैग को खोलकर चैक कराने के लिये बोला जो बैग खोलकर दिखाये जो दोनो व्यक्तियो के बैग के अंदर गोलियो के 25 पत्ते मिले, गोलियो को चैक करने पर उक्त संदेहियो द्वारा बताया गया कि यह नाईट्रावेट गोलियो का उपयोग नशे के लिये किया जाता है। आरोपीगणो द्वारा अवैध मादक पदार्थ नाईट्रावेट टेवलेट रखना पाये जाने से आरोपीगणो का कृत्य अपराधा धारा 8/21,22 एनडीपीएस एक्ट, 5/11 म.प्र. ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त घटना मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी में- उप. निरी. अरूणपाल सिंह थाना प्रभारी रंगनाथनगरए, सउनि बहादुर सिंह, प्र.आर. रामनरेश शुक्ला, प्र.आर. अजय तिवारी, प्र.आर. प्रमोद सिंह, प्र.आर. उमारमण बागरी, आर. रोहित, वीरेन्द्र, बृजेश की सराहनीय भूमिका रही।

# कलेक्टर के निवास पर पहुंचे बीएलओ, दिया गणना प्रपत्र

## कलेक्टर ने खुद भरा प्रपत्र, बीएलओ ने एप में दर्ज की जानकारी

कटनी (स्वतंत्रमत)

मतदाता सूची के विशेष गहन पुननरीक्षण का कार्य कटनी जिले में सुचारु रूप से जारी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर बीएलओ मतदाताओं को दो प्रतियों में गणना प्रपत्र दे रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को प्राथमिक शाला भवन झिंझरी मतदान केन्द्र क्रमांक 244 की बीएलओ स्वाति चौहान ने कलेक्टर निवास पहुंच कर कलेक्टर आशीष तिवारी को गणना प्रपत्र प्रदान किया। कलेक्टर ने स्वयं प्रपत्र में वांछित सभी जानकारी भर कर और फोटो लगाकर बीएलओ को गणना प्रपत्र वापस किया। बीएलओ ने आनलाइन डिजिटाइज्ड किया साथ ही गणना प्रपत्र की पावती भी प्रदान की।इस मौके पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कटनी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मुड़वारा-93 प्रमोद चतुर्वेदी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं प्रभारी तहसीलदार कटनी नगर हर्षवर्धन रामटेक मौजूद रहे। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर विशिष्ट गणना पत्रक



ईएफएस प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही मतदाता का अपना नाम या अपने परिजन का नाम पिछले एसआईआर वर्ष 2002-2004 की मतदाता सूची के मिलान व लिंक करने में मदद कर रहे हैं। गणना पत्रक भरने के लिये मतदाता को कोई भी दस्तावेज जमा नहीं करना है। सभी मतदाता अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटोग्राफ अवश्य बनवा लें। ताकि बीएलओ द्वारा प्रदाय प्रपत्र में नया फोटो चिपकाया जा सकें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि उनके घरों में पहुंचने वाले बीएलओ को वांछित जानकारी प्रदाय करने में सहयोग करें।

# जेपीवी डीएवी विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया हर्षोल्लास के साथ

कटनी (स्वतंत्रमत)

जेपीवी डीएवी विद्यालय में बाल दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एसके सिन्हा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के तैल चित्र पर पुष्पमाला चढ़ाकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के लिए प्रार्थना, सुविचार मुहावरे एवं समाचार आदि प्रस्तुत कर विद्यार्थियों का मनोरंजन किया तथा उन्हें प्रसन्नता प्रदान की। शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सामूहिक मधुर गान प्रस्तुत





किया गया। विद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को उपहार वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कक्षा तीसरीसे बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन और खेलकूद की विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं- जिनमें डमशराज, बॉलीबॉल, म्यूजिकल चेयर, बैडमिंटन, स्पून दौड़, लेमन दौड़ और बास्केटबॉल जैसी रोचक गतिविधियाँ शामिल थीं। सभी प्रतिभागियों ने खेलों में उत्साह के साथ भाग लिया तथा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यार्थियों ने इन खेलों के दिन को यादगार बना दिया। 13 नवम्बर को कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के नन्हे विद्यार्थियों के लिए शिक्षिकाओं ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। शिक्षिकाओं द्वारा नन्हे मुन्हे विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। शिक्षिका मोनिका नाकरा द्वारा प्रस्तुत मधुर गीत ने वातावरण को आनंदमय बना दिया, कार्यक्रम का संचालन ज्योति गौर ने सुंदर ढंग से किया। अंत में प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को बालदिवस की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बाल दिवस के महत्व से अवगत कराया तथा उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान और अनुशासित रहने की प्रेरणा दी। उनके प्रेरणादायी शब्दों ने सभी के हृदय में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस प्रकार जेपीवी डीएवी विद्यालय में बाल दिवस का आयोजन आनंद, उल्लास और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा।

# बाल मेले में स्वाद के साथ सेल्फी



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बाल दिवस के अवसर पर पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल मेले का आयोजन किया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लिया। हमने अलग अलग कक्षा की छात्राओ द्वारा चटपटी चाट भेलपुरी पानीपुरी स्वादिष्ट पोहे आलूवडे गुलाबजामुन समोसे आदि के अलग-अलग स्टॉल लगाए स्टॉल पर साफ-सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखा गया है, इसके साथ खाद्य पदार्थों की कीमत ज्यादा नहीं रखा गया वाल मेले की मुख्य अतिथि थाना प्रभारी डीएसपी शिवा पाठक ने छात्र छात्राओ को साइबर संबंधी जानकारी दी साथ ही प्राचार्य गोपाल प्रसाद यादव ने बताया कि छात्रों का उत्साह वर्धन करने के लिए शाला परिवार के साथ स्थानीय जनों ने भी बाल मेले में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया ग्रामीण जनो ने स्कूल की तमाम व्यवस्थाएं और बच्चों के हुनर को देखकर काफी तारीफ भी की है वाल मेले प्रमुख रूप से शाला परिवार के रामलाल रैकवार, पारुल अग्रवाल, कीर्ति राक्से, जीतेश दुबे, अजेंद्र करण, प्रवेश दुबे एवं विद्यालय के सभी स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी हुई सम्मानित

कटनी (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एंव जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025 का शुभारंभ ०9 नवम्बर को मैथारन दौड़ के साथ आरंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायधीश ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न्याय के लिए दौड़-कानूनी जनजागरूकता की ओर प्रत्येक कदम विषय पर आधारित था। इसी संदर्भ मे न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य हेतु समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी जिला सत्र न्यायालय जिला प्रधान न्यायधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के करकमलों द्वारा न्यायोत्सव विधिक सेवा से सम्मानित हुई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खंड/सचिव सुमित शर्मा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने और अपनी सहभागिता देने वाले समस्तजनों को शुभकामनायें दी और उपस्थित



सम्मानित अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विशेष सराहनीय सहयोग समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी के नेतृत्व में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की व्याख्याता डॉ गीताजंलि गौतम एंव वेंकटेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रेरणादायक नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमे समस्त बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और उन्हे जिला सत्र न्यायालय एंव जिला प्रधान न्यायधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के करकमलों द्वारा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और मैथारन दौड़ मे सहभागिता मे प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करे वाले प्रदान वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन जिला विधिक सेवा सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन कटनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष सराहनीय सहयोग समस्त सम्मानित न्यायधीशगण एंव पैरालीगल वालंटियर स्वयंसेवकों, पैनल अधिवक्ताओ, गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और सामुदायिक प्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# शैक्षणिक सामग्री सहित स्कूल बैग का किया वितरण



कटनी (स्वतंत्रमत)

मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में जीव दया फाउंडेशन की मदद से कटनी जिले के ढीमरखेड़ा ब्लॉक के कोकोडाबरा और भलवारा गांव की आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले 43 बच्चों को प्री स्कूल पोषण और शिक्षा कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक सामग्री सहित स्कूल बैग और ड्रेस के साथ बच्चों को स्कूली चप्पल का भी वितरण किया गया है। इस प्रकार के नवाचार से आंगनवाड़ी में बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी और शिक्षा स्तर में भी सुधार होगा। कार्यक्रम में समिति कार्यकर्ता रामकिशोर चौधरी, पूनम शर्मा, सोनम निशा, धुर्वेंद्र सिंह, राजेश तिवारी, अनिल कर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सनशाइन एकेडमी में बालदिवस का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)

सनशाइन एकेडमी समदडिया में बालदिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों ने काफी बढ़ चढ़कर भाग लिया। हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन होता है। पंडित नेहरू को बच्चों से बेहद लगाव और स्नेह था। वह उनमें देश का भविष्य देखते थे। उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की



नींव मजबूत और शिक्षित बचपन पर टिकी होती है। बच्चे उन्हें इतने प्यारे थे कि वे अपनी व्यस्ततम राजनीतिक यात्राओं के दौरान भी उनके लिए समय निकाल लेते थे। बच्चे भी उन्हें खूब पसंद करते थे और प्यार से चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। उनकी जेब हमेशा बच्चों को देने के लिए मिठाइयों या तोहफों से भरी रहती थी। यह आत्मीय संबंध ही था कि पंडित नेहरू के निधन के बाद, उन्हें श्रद्धांजलि देने और बच्चों के लिए उनके प्रेम को याद रखने के लिए यह तय हुआ कि उनका जन्मदिन ही देश के बच्चों को समर्पित होगा।




## श्रीमती कुसुम मिश्रा नहीं रहीं



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** प्रसिद्ध उद्योगपति स्व. जे.पी. मिश्रा की धर्मपत्नी, पूर्व विधायक सुनील मिश्रा (बाबा भैया) उद्योगपति सुधीर मिश्रा (मट्ठू भैया) की पूज्य माताजी एवं जयंत मिश्रा की दादी श्रीमती कुसुम मिश्रा का शुक्रवार प्रातः 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4.15 बजे निज निवास से नदी पार मुक्तिधाम के लिए निकाली गई जहां परिजनों समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, उद्योगपति और गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# जिला स्तरीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में चड्डा ऑटोनॉमस कॉलेज का कब्जा

**कटनी (स्वतंत्रमत।** म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेण्डर अंतर्गत विगत दिवस शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा द्वारा व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता पुरूष/महिला का आयोजन किया गया। जिसमें पुरूष वर्ग में जिले के पांच महाविद्यालय की टीमों एवं महिला वर्ग में जिले की तीन महाविद्यालयों की टीम ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कटनी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स ऑटोनॉमस कॉलेज के छात्र/छात्राओं द्वारा शानदार प्रदर्शन प्रदर्शन करते हुए पुरूष वर्ग में विजेता की ट्राफी एवं महिला वर्ग में उपविजेता की ट्राफी अपने नाम की। विजेता एवं उप विजेता टीम को ढीमरखेड़ा महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा ट्राफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। उक्त व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु टीम के साथ महाविद्यालय खेल प्रभारी मुकेश गुप्ता, डॉ. शैलेन्द्र वर्मा के साथ पुरूष वर्ग के खिलाड़ी आदित्य यादव, उत्कर्ष पाण्डेय, पृथ्वी सिंह राणा, साहिल पटेल, निवेश यादव, आयुष विश्वकर्मा, आशीष नागदेव, कृष्ण कुमार, शिवम तिवारी, समर सचदेव एवं महिला वर्ग की खिलाड़ी साक्षी चौबे, दीपिका त्रिपाठी, दीक्षा केसवानी, सुपूजिता, रिमझिम कुमारी, सान्या सिंह बघेल, माहीनूर सिद्धकी द्वारा भाग लिया गया।

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ

mgm NURSING

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कटनी (म.प्र.)

फोरेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.)- 483501

ईमेल आई डी- mgmnursingkte@gmail.com फोन नंबरः- 07622-405074, मोबाइल नंबरः- 7771001902

वेबसाइट- www.mgmcollegeofnursing.in इंस्टा आईडी- mgm_college_of_nursing_katni

SC ST OBC

छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है।

| क्रमांक | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | जी.एन.एम. | 3 वर्ष | 12वीं (सभी विषय) सीधे प्रवेश |

मान्यता प्राप्त

. मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कार्उसिल, भोपाल (म.प्र.)
. इंडियन नर्सिंग कार्उसिल, नई दिल्ली
. उच्च शिक्षा विभाग भोपाल से मान्यता प्राप्त

विशेषताएं एवं सुविधा

. छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
. अत्याधुनिक शिक्षा के माध्यम से स्मार्ट क्लासेस सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी एवं प्रयोगशालाएँ कम्प्यूटर लैब सुविधा
. एम.जी.एम. अस्पताल एवं जिला अस्पताल, कटनी एवं मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
. सी.सी. टीवी कैमरा युक्त कॉलेज परिसर

# बुमराह का पंजा, दफ्रीका 159 पर सिमटा

कोलकाता (वार्ता)।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (27 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका को ईडन गार्डन्स में पहले टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को पहली पारी में 55 ओवर में 159 रन पर समेट दिया। भारत ने इसके जवाब में स्टंप्स तक 20 ओवर में एक विकेट पर 37 रन बना लिए हैं और वह अभी पहली पारी में 122 रन से पीछे है। यह पूरा दिन जसप्रीत बुमराह और भारतीय टीम के नाम रहा। बुमराह के पंजे की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 159 पर ही आउट कर दिया। कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज ने उनका बखूबी साथ दिया। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज पिच पर टिकने के बाद विकेट फेंकते हुए नजर आए। भारत को यशस्वी जायसवाल (12) के रूप में एक झटका ज़रूर लगा लेकिन इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर और केएल राहुल ने सजगता से खेलते हुए सुनिश्चित किया कि भारत, दूसरे दिन खेल में आगे रहते हुए प्रवेश करेगा।स्टंप्स के समय राहुल 59 गेंदों में 13 और सुंदर 38 गेंदों में छह रन बनाकर क्रीज पर थे।



### अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फ़ैसला किया

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फ़ैसला किया था और रायन रिकलटन और एडन मारक्रम ने मिलकर एक सधी हुई शुरुआत की थी। लेकिन जसप्रीत बुमराह ने दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को पवेलियन लौटाया और कुलदीप यादव ने टेम्बा बावुमा को चलता किया। दूसरे सत्र में बुमराह और कुलदीप ने एक-एक सफलता हासिल की और सत्र के अंतिम चरण में मोहम्मद सिराज ने दोहरे झटके दिए, वहीं अक्षर पटेल की सफलता के साथ ही दूसरा सत्र दक्षिण के आठ विकेट के नुकसान पर 154 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ।

### मार्करम ने अपना खाता खोलने के लिए 23 गेंदें लीं

सलामी बल्लेबाजों ने सकारात्मक शुरुआत की, रिकल्टन (23)ने शानदार शुरुआत की, जबकि मार्करम (31)ने अपना खाता खोलने के लिए 23 गेंदें लीं, लेकिन इसके बाद बाउंड्री से भरे स्कोरिंग शॉट्स का सिलसिला चला। बुमराह ने पहला स्पैल लंबा फेंका और आखिरकार उन्हें अपने 6वें ओवर में पुरस्कृत किया गया – एक के बाद एक और मेहमान टीम ने कुछ ही समय में दोनों सलामी बल्लेबाजों को खो दिया, ऐसा ही बावुमा(3) ने अपने वापसी वाले टेस्ट में किया।

### बुमराह के पंजे के अलावा सिराज के दो विकेट

71/3 के स्कोर पर, पहले घंटे की कड़ी मेहनत बर्बाद हो गई, लेकिन मुल्डर(24), टोनी डीज़ॉर्ज़ी (24) और काइल वेरिन (16) – सभी ने शुरुआत की और सभी लगभग एक ही अंदाज में आउट हुए। ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 15 रन बनाते हुए पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ पारी संभालने की कोशिश की लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने 13 रन में अंतिम पांच विकेट निकालकर दक्षिण अफ्रीका की पारी समेट दी। बुमराह के पंजे के अलावा सिराज ने 47 रन पर दो विकेट, कुलदीप ने 36 रन पर दो विकेट और अक्षर पटेल ने 21 रन पर एक विकेट लिया।

# ईशा ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में जीता करियर का पहला व्यक्तिगत विश्व चैम्पियनशिप पदक

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** पूर्व एशियाई, मिक्स्ड टीम और जूनियर विश्व चैम्पियन ईशा सिंह ने शुक्रवार को काहिरा के ओलंपिक शूटिंग रेंज में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपने शानदार करियर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की। ईशा ने फाइनल में 30 अंक बनाए और चीन की इन-फॉर्म याओ कियानशुन (38, रजत) और कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन यांग जीइन (40, स्वर्ण) के पीछे तीसरे स्थान पर रहीं। ईशा का पदक उस दिन आया जब भारत ने काहिरा में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज़ी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व चैम्पियनशिप रायफल/पिस्टल 2025 की 10 ओलंपिक स्पर्धाओं में एक स्वर्ण, तीन रिपीट तीन रजत और दो कांस्य सहित ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ अपना अभियान पूरा किया। कुल मिलाकर भारत तालिका में तीन स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि चीन 10 स्वर्ण के साथ शीर्ष पर और छह स्वर्ण के साथ कोरिया दूसरे स्थान पर है। दिन की शुरुआत में ईशा और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर थीं। दोनों ने रैपिड फायर राउंड में आत्मविश्वास से भरी शूटिंग करते हुए 587 और 586 के स्कोर के साथ शीर्ष आठ में प्रवेश किया। ईशा पांचवें और मनु छठे स्थान पर रहीं। यांग ने क्वालिफिकेशन में भी शीर्ष स्थान हासिल किया,



जिसमें तेज राउंड में 300/300 का शानदार प्रदर्शन शामिल था। पेरिस ओलंपिक की मिक्स्ड टीम रजत पदक विजेता तुर्की की शेव्वाल टारहान, ईरान की अनुभवी हानिएह रोस्तमियान और फ्रांस की पूर्व यूरोपीय तथा जूनियर विश्व चैम्पियन लामोल मथिल्ड भी फाइनल में पहुंचीं।

उत्तर कोरिया की अनजान शूटर किम हयोन सुक ने अंतिम आठ को पूरा किया। राही सरनोबत का 572 का स्कोर भारतीय टीम के लिए पर्याप्त नहीं रहा और 1745 के कुल योग के साथ भारत टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहा, जो कांस्य जीतने वाली फ्रांसीसी टीम से तीन अंक पीछे था। ईशा ने पोडियम स्थान सुरक्षित किया, मनु शूट-ऑफ में बाहर यांग ने पांचों शॉट साधकर 10-सीरीज वाले फाइनल की धमाकेदार शुरुआत की। दोनों भारतीयों ने पहला राउंड चार हिट के साथ शुरू किया।

# रथिका सीलन ने सिडनी में बॉन्डी ओपन 2025 स्क्वैश का खिताब जीता



**सिडनी (वार्ता)।** भारत की रथिका सुथांथीरा सीलन ने शुक्रवार को सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में बॉन्डी ओपन 2025 स्क्वैश में महिला एकल का खिताब जीता। पीएसए चैलेंजर 3 स्क्वैश स्पर्धा में शीर्ष वरीयता प्राप्त 24 वर्षीय रथिका सीलन ने फाइनल में न्यूजीलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त मेडेन-ली कोए को 3-0 (11-7, 11-6, 11-7) से हराया।

चेन्नई में जन्मी इस भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी का यह दूसरा पीएसए करियर खिताब था, इससे पहले उन्होंने पिछले साल घरेलू मैदान पर एचसीएल स्क्वैश टूर इंदौर का खिताब जीता था। बॉन्डी ओपन में, रथिका सीलन ने खिताब तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने पहले दौर में साथी भारतीय खिलाड़ी आराधना कस्तूरीराज को 3-0 (11-8, 11-3, 11-5) से हराया, और फिर क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की अनंतना प्रसेरतनाकुल को 3-0 (11-7, 11-3, 11-3) के समान अंतर से हराया। सेमीफाइनल में, सीलन ने स्थानीय पसंदीदा से यू ली को 3-0 (11-6, 11-7, 11-8) से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह पक्की की। बॉन्डी ओपन 2025 की जीत सीलन के दो हफ़्ते के सफल ऑस्ट्रेलियाई अभियान का हिस्सा थी, जो पिछले हफ़्ते कनाडा की इमान शाहीन के खिलाफ कड़े मुक़ाबले में हारने के बाद एनएसडब्ल्यू ओपन में उपविजेता रही थीं। इस महीने की शुरुआत में नॉर्थ कोस्ट ओपन में भी रथिका सीलन ने प्रभावित किया था, लेकिन सेमीफ़ाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त लोजैन गोहारी से हार गईं थीं।

# धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत ने रिकर्व स्पर्धाओं में जीते स्वर्ण

**ढाका (वार्ता)।** धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत ने शुक्रवार को बांग्लादेश के ढाका में एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में रिकर्व स्पर्धाओं में भारत के शानदार प्रदर्शन का प्रमाण देते हुए व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते। पिछले साल, दोनों ने पेरिस 2024 में मिश्रित टीम रिकर्व स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया था, जो ओलंपिक में तीरंदाजी में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। भारत ने अंतिम दिन रिकर्व तीरंदाजी में पांच पदक जीते, जिनमें दो व्यक्तिगत खिताब और पुरुष टीम का खिताब शामिल है। राहुल ने पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि संगीता ने ढाका के राष्ट्रीय स्टेडियम में महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। महिला रिकर्व फाइनल में, अंकिता भक्त ने पेरिस 2024 व्यक्तिगत रजत पदक विजेता कोरिया गणराज्य की नाम



सु-ह्योन को 7-3 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले, अंकिता ने शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया की जंग मिन्ही को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उन्होंने चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी को शूट-ऑफ में हराया। इसके बाद संगीता ने दीपिका को एक और शूट-ऑफ में हराकर कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व फाइनल में, धीरज बोम्मादेवरा ने हमवतन राहुल को 6-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। पुरुष टीम के फ़ाइनल में, ओलंपियन अतानु दास ने राहुल और यशदीप भोगे के साथ मिलकर दक्षिण कोरिया के सियो मिंगी, किम येचन और जंग जीहो को 4-4 से बराबरी के स्कोर के बाद शूट-ऑफ में हराया। इस बीच, अंशिका कुमारी और यशदीप संजय भोगे मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच में दक्षिण कोरिया के जंग मिन्ही और सियो मिंगी से 6-0 के स्कोर से हार गए। कुल मिलाकर, भारत ने अपना अभियान 10 पदकों के साथ समाप्त किया – छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य।

गुरुवार को, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कंपाउंड तीरंदाजी में व्यक्तिगत और टीम दोनों स्पर्धाओं में खिताब जीतकर भारत के लिए पांच पदकों की प्रमुखता हासिल की। कंपाउंड स्पर्धाओं में भारत के पांच पदकों में महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और रजत, महिला टीम और मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक और पुरुषों की कंपाउंड टीम स्पर्धा में एक रजत पदक शामिल हैं। बैंकॉक में 2023 में आयोजित एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत ने सात पदक जीते – तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य। इनमें से पांच पदक कंपाउंड स्पर्धाओं में आए।

# बंगलादेश ने आयरलैंड को पारी से पीटा



**सिलहट (वार्ता)।** बंगलादेश ने सिलहट में पहले टेस्ट में आयरलैंड के खिलाफ एक पारी और 47 रनों से शानदार जीत दर्ज की। महमूदुल हसन जॉय के 171 और नजमुल हुसैन शान्तो के 100 रनों की बदौलत बांग्लादेश ने 8 विकेट पर 587 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। गेंदबाज़ों के सामूहिक प्रयास से आयरिश टीम दो पारियों में 286 और 254 रनों पर ऑल आउट हो गई। टेस्ट के चौथे दिन दोनों टीमें बांग्लादेश की मजबूत पकड़ के साथ उतरीं, उन्हें जीत के लिए सिर्फ़ पांच विकेट चाहिए थे। स्पिनरों को मिल रहे टर्न के बावजूद, आयरलैंड ने दिन के दूसरे ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाकर अच्छी शुरुआत की। एंडी मैकब्राइन का कैच 8 रन पर छूटा, लेकिन ताइजुल इस्लाम ने मैथ्यू हम्फ्रीज को आउट कर मेजबान टीम का स्कोर सिर्फ़ 116 रन पर छह विकेट पर पहुंचा दिया। आयरिश टीम ने हार नहीं मानी। मैकब्राइन और कप्तान एंड्र्यू बालब्रिनी ने मिलकर 66 रनों की साझेदारी की, जिसमें ख़ास तौर पर एंड्र्यू बालब्रिनी ने स्वीप शॉट लगाकर अच्छा प्रदर्शन किया। मैकब्राइन दो डीआरएस कॉल से बच गए और दोनों ने मेहमान टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचा दिया। जब आयरलैंड की स्थिति अच्छी हो रही थी, तभी बलबर्नी एलबीडब्ल्यू आउट हो गए और हसन मुराद के जरिए मेजबान टीम को मौका मिल गया। मैकब्राइन ने धैर्य की पारी खेलते हुए लंच के समय अपना पांचवां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। ब्रेक के बाद, मैकब्राइन नए सत्र की दूसरी ही गेंद पर पुल करने की कोशिश में मिड-विकेट पर आउट हो गए।

# यात्री वाहनों की बिक्री अक्टूबर में रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली (वार्ता)।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नयी पीढ़ी के सुधारों के बाद अक्टूबर में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 17.2 प्रतिशत बढ़कर 4,60,739 इकाई के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। यात्री वाहनों में कारों, उपयोगी वाहनों और वैन को शामिल किया जाता है। पिछले साल अक्टूबर में इनकी बिक्री 3,93,238 इकाई रही थी।

दुपहिया और तिपहिया की बिक्री ने भी नया रिकॉर्ड बनाया। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में तिपहिया की बिक्री में सालाना आधार पर 5.9 प्रतिशत और



दुपहिया की बिक्री में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कुल 81,288 तिपहिया और 22,10,727 दुपहिया वाहन बिके। सियाम के निदेशक राजेश मेनन ने इन आंकड़ों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अक्टूबर में यात्री वाहनों, दुपहिया और तिपहिया की मासिक बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कहा कि इस रिकॉर्ड बिक्री का मुख्य कारण त्योहारी मांग और जीएसटी की दरों में कटौती है। दुपहिया में मोटरसाइकिलों की बिक्री में चार प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी और यह 13,35,468 इकाई रह गयी। वहीं स्कूटरों की बिक्री में 14.3 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल रहा और यह 8,24,003 इकाई पर पहुंच गयी। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर में मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और किआ इंडिया ने बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाया है।



## रुपया 5 पैसे मजबूत


**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को 4.75 पैसे की मजबूती के साथ 88.66 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले लगातार दो कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा कमजोर हुई थी। गुरुवार को यह 8.25 पैसे टूटकर 88.7075 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज करीब एक पैसे की बढ़त में 88.70 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और पूरे दिन सीमित दायरे में रहा। यह नीचे 88.7575 रुपये प्रति डॉलर और ऊपर 88.66 रुपये प्रति डॉलर तक गया। घरेलू शेयर बाजारों की तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में लिवाली से रुपये को मजबूती मिली है। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में रही नरमी से भी रुपये को बल मिला।

# चावल, गेहूं, चीनी, दाल, खाद्य तेल महंगे

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को तेजी देखी गयी। चावल की औसत कीमत बढ़ गयी। चावल के साथ गेहूं और खाद्य तेलों के दाम भी बढ़ गये। चीनी और दालों में भी मजबूती रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 4,125 रिंगिट प्रति टन पर स्थिर रहा। अमेरिकी सोया तेल का दिसंबर वायदा भी 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ 50.52 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 17 रुपये बढ़कर 3,855.61 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी 18 रुपये की मजबूती के साथ 2,871.45 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में 12 रुपये की तेजी रही और यह 3,315.17 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। खाद्य तेलों में भी आज तेजी रही। मूंगफली तेल की औसत कीमत 27 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। सरसों तेल 47 रुपये और सोया तेल 26 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति की 82 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सूरजमुखी तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल 31 रुपये प्रति



क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 31 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चना दाल 27 रुपये और उड़द दाल 18 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। तुअर दाल के दाम भी 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 17 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।दाल चना 7917.45 रुपये, मसूर काली 8191.63 रुपये, मूंग दाल 10124.38 रुपये, उड़द दाल 10397.70 रुपये, तुअर दाल 10629.08 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2871.45 रुपये और चावल 3855.61 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी एस 4330.17 रुपये और गुड़ 5027.32 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17730.32 रुपये, मूंगफली तेल 17702.97 रुपये, सूरजमुखी तेल 15651.10 रुपये, सोया तेल 13729.85 रुपये, पाम ऑयल 12466.97 रुपये और वनस्पति 14504.11 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।




# जायडस के कैंसर की दवा को मिली अमेरिकी नियामक की मंजूरी

**अहमदाबाद, (वार्ता)।** भारतीय दवा निर्माता कंपनी जायडस के कैंसर के इलाज में काम आने वाले एक इंजेक्शन को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) की मंजूरी मिल गयी है। जायडस ने शुक्रवार को बताया कि प्रोस्टेटिक कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाले ल्युप्रोलाइड एसिटेट इंजेक्शन को अमेरिकी नियामक की मंजूरी मिली है। इसके बाद अमेरिका में इसकी बिक्री का रास्ता साफ हो गया है। इसका निर्माण कंपनी गुजरात के अहमदाबाद में विशेष आर्थिक जोन (सेज) स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में करेगी। कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि अमेरिका में ल्युप्रोलाइड एसिटेट इंजेक्शन की सालाना बिक्री 6.9 करोड़ डॉलर की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2003-04 से 30 सितंबर 2025 तक जेनरिक दवाओं के लिए अमेरिका में 487 आवेदन किये हैं और उसे 427 दवाओं के लिए स्वीकृति मिली है।

# पूरे दिन गिरावट में रहने के बाद 12 मिनट में 592 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई, (वार्ता)।** विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। खास बात यह रही कि प्रमुख सूचकांक लगभग पूरे दिन गिरावट में रहने के बाद आखिरी आधे घंटे के कारोबार में अचानक उछलते हुए हरे निशान में बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स दोपहर 2.57 बजे 84,098.29 अंक पर था और 12 मिनट में 592 अंक उछलकर 84,690.55 अंक पर पहुंच गया। आखिर में यह पिछले कारोबारी दिवस (84,478.67 अंक) के मुकाबले 84.11 अंक (0.10 प्रतिशत) ऊपर 84,562.78 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी पूरे दिन की गिरावट के बाद अंत में 30.90



अंक यानी 0.12 प्रतिशत चढ़कर 25,910.05 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.11 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.38 अंक की बढ़त में रहा। एनएसई में कुल 3,188 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,623 के शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,483 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। वहीं, 82 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। बैंकिंग, फार्मा, एफएमसीजी और स्वास्थ्य समूहों में तेजी रही। वहीं, आईटी, धातु, ऑटो और रियलिटी समूहों में बिकवाली का जोर रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर हरे निशान में और अन्य 11 के लाल निशान में बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 1.97 प्रतिशत, बीईएल में 1.70, ट्रेंट में 1.57, एक्सिस बैंक में 1.46, भारतीय स्टेट बैंक में 1.34, बजाज फाइनेंस में 1.30 और सनफार्मा में 1.19 फीसदी की तेजी रही।

इनके अलावा एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनीलिवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और पावर ग्रिड के शेयर भी बढ़त में रहे। इंफोसिस का शेयर सर्वाधिक 2.58 प्रतिशत टूटा। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में 1.62 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.39 प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक में 1.01 प्रतिशत की गिरावट रही। टेक महिंद्रा, टाइटन, अल्ट्रेटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी और एलएंडटी के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। हांगकांग का हैंगसेंग 1.85 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.77 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.97 प्रतिशत गिर गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.86 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.23 फीसदी नीचे था।



# विदेशी मुद्रा भंडार घटा

मुंबई (वार्ता)।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 07 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.699 अरब डॉलर घटकर 687.034 अरब डॉलर रह गया जो 25 सप्ताह का निचला स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की गयी है। पिछले सप्ताह यह 5.623 अरब डॉलर घटकर 689.733 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 07 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.454 अरब डॉलर घटकर 562.137 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में अमेरिकी डॉलर के साथ जापानी येन, ब्रितानी पाउंड और यूरो शामिल हैं। इसका मूल्य डॉलर की तुलना में उनकी विनिमय दर के आधार पर तय होता है। स्वर्ण भंडार भी 19.5 करोड़ डॉलर कम हुआ और 101.531 अरब डॉलर रहा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.772 अरब डॉलर पर स्थिर रही। वहीं, विशेष आहरण अधिकार 5.1 करोड़ डॉलर घटकर 18.594 अरब डॉलर रह गया।

# हमारी धरती और संस्कृति ही हमारी पहचान : मुख्यमंत्री

## डॉ. यादव मोरतलाई में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल (स्वतंत्र मत)।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश जनजातियों का अपना घर है, जिस ट्राइबल स्टेट भी कहा जाता है। यह उपमा ही हमारे अस्तित्व का सबसे बड़ा अभिनंदन है। जनजातियां, हमारी मुकुट मणियां हैं, यह प्रत्येक मध्यप्रदेशवासी के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान की बात है। अबुआ दिशुम-अबुआ राज यानी हमारी धरती, हमारा राज। हमारी धरती और संस्कृति ही हमारी पहचान है और इसी पहचान का उत्सव हम सब आज बड़वानी में मना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस वह शंखनाद है, जिसने नई पीढ़ी को वीर जननायकों के बलिदान, शौर्य और साहस से परिचित कराया है।

### भगवान बिरसा मुंडा की भव्य आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम मोरतलाई में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की भव्य आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया। साथ ही बड़वानी जिले के लिए 133 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 6 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 5 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें 46 करोड़ से अधिक की लागत से तैयार राजपुर से दवाना मार्ग का लोकार्पण और 14 करोड़ 86 लाख रूपए की लागत से सेंधवा में नवीन शासकीय महाविद्यालय भवन, बलवाड़ी का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर पानसेमल और बारला में उद्वहन सिंचाई परियोजना के विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि अब क्षेत्र के सभी 51 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए जल दिया जाएगा।

### जनजातीय नायकों की कहानी हमें आश्चर्य से भर देती है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे जनजातीय भाई-बहनों ने सदैव अपनी माटी और अपनी संस्कृति के लिए जी-जान एक किया है। राजा भभूत सिंह से लेकर रानी अवंतिबाई तक अनेक जनजातीय नायकों की कहानी हमें आश्चर्य से भर देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़वानी आते ही मन जनजातीय रंग में रंग गया है। मैं वीरों की भूमि बड़वानी की माटी से तिलक करता हूं, क्योंकि इस मिट्टी के कण-कण में रण है।

### ... ये जल, जंगल और जमीन हमारी है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 साल पहले जनजातीय नायकों को सम्मान देने की परंपरा की शुरुआत की। हमारे जनजातीय नायकों ने जनजाति अंचलों से स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाई और भारत माता के जयकारे लगाते हुए अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई लड़ी। उन्होंने अंग्रेजों से कहा था कि ये धरती खाली करो... ये जल, जंगल और जमीन हमारी है।

### हर महीने रक्षाबंधन और भाईदूज मन रही है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार भावान्तर योजना का लाभ देते हुए किसानों से 5328 रुपए प्रति क्विंटल सोयाबीन खरीद रही है। लाड़ली बहनों की शुरुआत से लेकर अब तक 45 हजार करोड़ की राशि लाड़ली बहनों को दी गई है। हर महीने रक्षाबंधन और भाईदूज मन रही है। किसानों के खाते में 12 हजार रुपए सम्मान निधि भेजकर दिवाली मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमा पर जवान और खेतों में किसान, हमारे लिए दोनों बराबर है, यही हमारी नीति है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए गोपालन और पशुपालन को बढ़ावा दे रही है। राज्य सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। जिसमें किसानों को डेयरी व्यवसाय शुरू करने पर अधिकतम 10 लाख रुपए तक अनुदान दिए जाने का प्रावधान है।

### जनजातियों का गौरव पुनः स्थापित हो रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की आजादी का इतिहास हमारे जननायकों के बिना अधूरा है। इतिहासकारों ने हमारे समृद्ध इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। जिन अमर सपूतों का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा होना चाहिए था, उन पर जरा सी भी स्याही खर्च नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में जनजातियों का गौरव पुन: अपनी प्रतिष्ठा के साथ स्थापित हो रहा है। हमारा मध्यप्रदेश विरासत से विकास का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बन रहा है।



# कर्म और परिश्रम से जो मिलता उसी में सच्चा आनंद : पटेल

## मानसरोवर विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह हुआ

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि भगवान राम माँ सीता को भी उनके भाग्य का लिखा मिला था। नसीब में जो है, वह होता है, लेकिन अपने कर्म और परिश्रम से जो मिलता है। उसी में सच्चा आनंद और आत्मिक संतुष्टि है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि दीक्षांत शपथ व्यवहार की मार्गदर्शिका है। उसके अनुसार 365 दिन आचरण करने पर जीवन में सफलता मिलना निश्चित है। राज्यपाल श्री पटेल मुख्य अतिथि की आसंदी से मानसरोवर विश्वविद्यालय के तीसरें दीक्षांत समारोह को शुक्रवार को संबोधित कर रहे थे। समारोह का आयोजन स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह में व्हील चेयर पर आए विद्यार्थी वेंकट बालाजी को मंच से उतर कर उनके पास जाकर उपाधि दी। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सक का कार्य ईश्वरीय यश प्राप्त करने का अवसर होता है। उन्होंने कहा कि कई बार मँहगी दवा खरीदने में असमर्थ होने पर गरीब व्यक्ति दवा ही नहीं लेता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं कम कीमतों पर उपलब्ध करा दी है। चिकित्सकों से कहा है कि रोगियों को जन औषधियों के सेवन का परामर्श दे। प्रदेश में सभी जिलों, रेडक्रास शाखाओं में जन औषधि केन्द्र संचालित है। जनजाति बहुल विकास खण्डो में जनजातीय युवाओं के द्वारा जन औषधि स्टोर खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आयुर्वेद चिकित्सा का नया युग आया है। आयुर्वेद चिकित्सकों के लिए अपार संभावनाएं निर्मित हुई है।

# दिव्यांग बच्चों द्वारा बाल दिवस पर बाल मेला लगाया गया



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** बाल दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय न्यास (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय) भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा पंजीकृत संस्थान निशक्त व्यक्ति एमआर, सीपी, आत्मकेंद्रित एवं अभिभावक संघ जबलपुर द्वारा संचालित प्रेरणा विशेष शिक्षा संस्थान एवं पुनर्वास केंद्र दमोह में बड़े हर्षोल्लास के साथ दिव्यांग बच्चों द्वारा विशेष शिक्षको व अभिभावकों के नेह सहयोग के साथ आयुषी जैन मिठाई में हलुआ/खीर, फातिमा खान बिस्किट, चॉकलेट, माही अहिरवार फल में केला, हरिओम चौरसिया चाय, कॉफी, पूजा आठ्या मैगी, विनय प्रजापति पोहा, अनन्या लोधी चिप्स, पवन पटेल/रागिनी मुगौडी/भजिया, सोमिल चौरसिया पिंड खजूर की स्टॉल/दुकान लगाकर बेचा गया और प्रसन्नता के साथ सभी दिव्यांग बच्चों ने अपनी अपनी सामानों की बिक्री कर लगभग 1000 रुपए प्राप्त किया एवं बाल मेला में स्टॉल/दुकान लगाकर बड़े आनंदित होकर खूब मजे किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार दुबे पत्रकार, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण सिंह ठाकुर सेवानिवृत शिक्षक एवं महामंत्री लोधी समाज दमोह, तिरपाल सिंह ठाकुर प्रबंधक संस्कृति स्रोत एवं संस्था अध्यक्ष अभय कुमार दुबे, एवं संस्था संचालक श्रीमती अनीता दुबे के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

# प्रदेश में अधिक से अधिक बनें स्वावलंबी गो-शालाएँ : पटेल

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री लखन पटेल ने कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गो-संरक्षण एवं गो-संवर्धन के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में पहली बार निराश्रित गो-वंश के समुचित पालन-पोषण और गो-शालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए स्वावलंबी गो-शाला नीति बनाई गई है, जिसका पूरे प्रदेश में सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। गो-पालन में समुदाय की भागीदारी बहुत आवश्यक है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने शुक्रवार को पटिया वाले बाबा स्थान, मुरैना पहुंचकर दर्शन-



पूजन किया और वहां संचालित गो-शाला का निरीक्षण किया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि गो-शालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने अनूठी पहल की है। प्रदेश में स्वावलंबी गो-शालाओं (गोकुल धाम) की स्थापना की नीति-2025 लागू की गई है, जिसमें न्यूनतम 5000 गो-वंश के व्यवस्थापन के लिए राज्य सरकार द्वारा 130 एकड़ तक भूमि गो-शालाओं को उपयोग के लिए दिए जाने को प्रावधान है। इसमें से 5 एकड़ भूमि व्यावसायिक गतिविधियों के लिए दी जाएगी। जिले में स्वावलंबी गो-शालाएँ विकसित हों, इसके लिए प्रदेश स्तर से 20 गो-शालाओं की स्वीकृति दी गई है, जिनमें मुरैना भी शामिल है। आने वाले समय में प्रत्येक जिले में स्वावलंबी गो-शाला स्थापित की जाएगी।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि पटिया वाले बाबा स्थान मुरैना में जनसहयोग से गो-शाला का सुव्यवस्थित संचालन प्रशंसनीय है। यहां नंदी गो-वंश, स्वस्थ गायें, बीमार गायें और बछड़ों को अलग-अलग शेड में रखा गया है। गो-शाला में सैक्स सोर्टेड सीमन तकनीक से कृत्रिम गर्भाधान किया जा रहा है, यह सराहनीय है।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे चाचा नेहरू : मानक पटेल

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेसजनों ने नेहरू पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनक पुण्य स्मरण करने संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रधानमंत्री नेहरू जी ने पूर्ण स्वराज लोकतांत्रिक समाजवाद और गुट निरपेक्षता जैसे महत्वपूर्ण विचारो को बढ़ावा देना है। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है वह सोचनीय है सत्ता की खातिर मतदाताओं का लालच देकर सरकार बनाना वह बाखूवी जानने लगें है। इस दौरान जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया, आशीष पटेल, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, कमला निषाद, विजय बहादुर, बबलू भटट, डीपी पटेल उपस्थित थे।

# बुंदेलखण्ड से हैण्डबॉल की टीम में दमोह जिले के ही खिलाड़ी होते हैं : मलैया

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती पर विधायक जयंत मलैया के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय स्टेडिम में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विधायक मलैया ने बिरसा मुंडा के चित्र समक्ष पुष्प अर्पित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों से परिचय प्राप्त किया और टॉस देकर प्रतियोगिता प्रारंभ कराई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, पूर्व जनपद अध्यक्ष दमोह मोहन पटैल, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश यादव, आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक अदिति शांडिल्य, जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, नितिन चौरसिया सहित खेल जगत से जुड़े शिक्षकगणए छात्रावास अधीक्षकगण एवं हैण्डबाल के खिलाड़ी तथा स्कूल छात्र-छात्रायें मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक जयंत मलैया ने कहा बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश व प्रदेश में कार्यक्रम हो रहे है।

इसी उपलक्ष्य में आज यहॉ पर बेटियों का कबड्डी मैंच हुआ उसी का अवलोकन करने आये थे। बेटियो को खेलते देखकर बहुत अच्छा लगाए बहुत ही प्रसन्नता की बात है, हमारे बुंदेलखण्ड से हैण्डबॉल की टीम में जो खिलाड़ी जाते है, उसमें सभी खिलाड़ी दमोह जिले के ही होते है। उन्होंने हैण्डबाल के 20 बेटिया एवं 10 छात्र खिलाड़ियों को 5-5 हजार रूपये विधायक स्वेच्छानुदान निधि से देने की घोषणा की। कलेक्टर कोचर ने कहा धरती आबा बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती का आज यह समापन वर्ष है और आज समापन वर्ष के अवसर पर जो विभिन्न अंचलो की आदिवासी बेटिया है, उन बेटियो की कबड्डी की टीम है, उन कबड्डी की टीम का मैच विधायक मलैया के मुख्य आतिथ्य में रखा है, एक शानदार कबड्डी का मैच दोनों टीमों के मध्य हुआ।

# सहकारी ध्वजारोहण के साथ 72वें अभा सहकारी सप्ताह का शुभारंभ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जिला सहकारी संघ मर्यादित, दमोह के तत्वाधान में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दमोह के प्रांगण में पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस (बाल दिवस) से 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ बैंक भवन पर सहकारी ध्वजारोहण के साथ किया गया। सहकारी गीत श्रीमती ममता तिवारी, कविता ठाकुर, राधा, अदिति जैन, श्रेया अग्रवाल, श्वेता शर्मा व शैफली ने प्रस्तुत किया। सहकारी ध्वजारोहण वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक सी.एस. झा एवं घनश्याम दुबे ने किया। संचालन सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव दुबे ने करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। इसी से सहकारिता का विश्वव्यापी आवश्यकता एवं महत्व स्पष्ट हो जाता है।

# स्वदेशी मेला : नृत्य नाटिका में दिखा महारानी लक्ष्मीबाई का शौर्य






स्वदेशी मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच लोग ले रहे स्वदेशी अपनाने का संकल्प

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन और स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा नगर के तहसील मैदान में आयोजित हो रहे 11 दिवसीय स्वदेशी मेला के आठवें दिन मंच पर विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। आठवें दिवस पर मुख्य अतिथि और वक्त के रूप में पधारे स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संगठक सतीश, अखिल भारतीय सह मेला प्रमुख और सीईओ स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेसन साकेत राठौर रहे। इनके द्वारा मंच से उपस्थितजनों को स्वदेशी विचार और उसके द्वारा समृद्ध भारत की कल्पना पर अपने विचार रखे गए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप मंच पर क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख ओम वर्मा, मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण आयोग अध्यक्ष रामकृष्ण कुसुमरिया, महाकौशल प्रांत संयोजक कपिल मलैया, नितिन पटेरिया, राकेश अग्रवाल, मंजू सत्येंद्र सिंह, श्रीमती अर्पणा लोकेंद्र पटेल जी रहे। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से मेला सह संयोजिका डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, जिला महिला कार्य प्रमुख डॉ. मोनिका पालीवाल, महेन्द्र जैन, सतीश जैन, ऊधम सिंह, दीप्ति खरे, श्रीमती रश्मि वर्मा द्वारा परंपरागत तरीके से किया गया।

### वीरांगनाओं का शौर्य और क्षेत्रीय संस्कृति

मंचीय कार्यक्रमों का प्रारंभ भारत माता और दत्तोपंत ठेंगड़े के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके बाद वक्ताओं ने स्वदेशी की आवश्यकता उसके महत्वए स्वदेशी और स्वावलंबन से होने वाले परिवर्तनों पर अपने विचार रखते हुए उपस्थित जनों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिला भाजपाध्यक्ष श्याम शिवहरे और कार्यकर्ताओं द्वारा वंदे मातरम गीत के सामूहिक गायन के साथ किया गया। इसके बाद अंजलि अहिरवार की नृत्य प्रस्तुति, हिरण्या चिले द्वारा राधा कृष्ण पर भजन की प्रस्तुति, निवेदिता जैन की नृत्य प्रस्तुति हुई। अगले चरण में बच्चों द्वारा की गई महारानी लक्ष्मीबाई के जन पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति को लोगों द्वारा सराहा गया। इसके बाद मंच पर ललित कला केन्द्र के बच्चों द्वारा कत्थक एवं ठुमरी की प्रस्तुति और श्रीमती रामबाई अहिरवार द्वारा काव्यपाठ की प्रस्तुति, युवा नाट्य मंच के कलाकारों द्वारा गायन और कार्यक्रम का समापन शिवा तिवारी के बुंदेली गीत प्रस्तुति के साथ हुआ।

### व्यापारियों और मीडिया के साथ हुई चर्चा

स्वदेशी मेला 2025 के दोपहर में होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वदेशी व्यापार व्यापारी जुटान कार्यक्रम अंतर्गत स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों द्वारा व्यापारियों के साथ एक विस्तृत चर्चा आयोजित की गई। इस दौरान स्वदेशी उत्पाद विक्रय को बढ़ावा, दुकान पर स्वदेशी उत्पादों का डिस्प्ले सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा कर सुझाव आमंत्रित किए गए। आयोजन में प्रमोद बजाज जिला अध्यक्ष कैट दमोह को जिला संयोजक मनोनीत किया गया। इस अवसर पर कैट प्रदेश मंत्री राकेश अग्रवाल, मेला संयोजक डॉ सोनल राय, लघु उद्योग भारती अध्यक्ष सेवंत गुजराती, अखिलेश जैन, प्रशांत असाटी, आकाश असाटी, कन्हैया करवानी, प्रदीप चक्रवर्ती, प्रदीप चौरसिया महेंद्र पटेल, रूपेंद्र असाटी, मनीष जैन, मनोज पटेल, दिलेश चौधरी, रूपेंद्र असाटी मनोज पटेल की उपस्थिति रही। संचालन प्रभारी जुगल अग्रवाल ने आभार बृजेंद्र राठौर ने माना। इसी दौरान स्वदेशी जागरण मंच और स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के पदाधिकारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए अपने विचारों और कार्यों से अवगत कराया।

इसके अलावा मेला परिसर में स्कूली छात्राओं द्वारा कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता, जलेबी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। मेला परिसर में सामाजिक दायित्वों में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ मयंक प्यासी, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ ज्योति त्रिपाठी द्वारा मेला स्टॉल में निशुल्क प्रशिक्षण केंद्र लगाकर 300 से अधिक लोगों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार दिया गया।

# कारण बताओ नोटिस जारी

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, प्राथमिक शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं बीएलओ सुपर वाईजर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 55 दमोह ने कारण बताओ नोटिस जारी किये है। 1960 के निर्वाचन नियमों के विपरीत है जो गंभीर आपराधिक कृत्य की श्रेणी में मानते हुये मतदान केन्द्र क्रमांक 201-202 बीएलओ सुपरवाईजर शिवम गोस्वामी, मतदान केन्द्र क्रमांक 293-294 शा. हाईस्कूल भवन भाग 01-02 लकलका तरूण गुप्ता, मतदान केन्द्र क्रमांक 201 बम्होरी शास. प्राथमिक शाला भवन बम्होरी सहा. अध्यापक जुगल किशोर दुबे, मतदान केन्द्र क्रमांक 293 लकलका प्राथमिक शिक्षक रामलीलाल विश्वकर्मा, मतदान केन्द्र क्रमांक 294 लकलका प्राथमिक शिक्षक निशा ठाकुर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 202 बम्होरी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हाथीताल कॉलानी जबलपुर में भवन क्रमांक आर 05 श्रीमती नीलिमा शर्मा पति श्री संदीप शर्मा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 02.07.2009 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती नीलिमा शर्मा पति श्री संदीप शर्मा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24.11.2014 के माध्यम से श्री पदम लाल झारिया पिता स्व. श्री मर्रुलाल झारिया को विक्रय किया है। अत: श्री पदम लाल झारिया पिता स्व. श्री मर्रुलाल झारिया द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार रांझी, जबलपुर**
रा.प्र.क्र........../अ-20(1)/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राधा शक्ति मां नर्मदा सेवा समिति द्वारा अध्यक्ष श्री विशाल पटेरिया पिता महेन्द्र पटेरिया, निवासी म.नं. 488 ब्यौहारबाग जबलपुर द्वारा सिविल स्टेशन नजूल ब्लॉक नं. 08 प्लाट नं. 3/4 रकवा 1003.87 वर्गमीटर के नजूल भूमि के हस्तांतरण/आवंटन हेतु आवेदन, सोसायटी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं के माध्यम से दिनांक 29.11.2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 14.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 14.11.2025
पेशी दिनांक - 29.11.2025

सील

**तहसीलदार रांझी, जबलपुर**





हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**